


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

■ मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17

5 आज होगी मां महागौरी की पूजा | सम्पादकीय | रिजर्व बैंक रेपोर्ट | टेस्ला के लिए सेमीकंडक्टर चिप बनाएगी टाटा, कंपनियों के बीच डील 5

वर्ष 18 ● अंक 93 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online ग्वालियर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024 email - hindustanexpressbhopal@Gmail.com, hindustanexpresshe@Gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-कांग्रेस-लेफ्ट का अब सिर्फ नाम बचा

आर.एन.एस.

**तिरूवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री मोदी आज (15 अप्रैल) केरल और तमिलनाडु के दौरे पर हैं। दोपहर में तिरुवनंतपुरम अटिंगल पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस का केवल नाम ही बचा है। दोनों का केवल नाम ही बचा है। जनता ने दोनों को रिजेक्ट कर दिया है। केरल की जनता आज इसी पीड़ा से गुजर रही है। आज केरल की चर्चा राजनैतिक हिंसा और अपराधों के लिए होने लगी है। कल (14 अप्रैल) दिल्ली में भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा का संकल्प पत्र यानी मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी में भारत विश्वस्तरीय संरचना का केंद्र बनेगा।



मोदी की गारंटी में भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में गगनयान जैसी स्मरणार्थ उपलब्धि हासिल करेगा।

कांग्रेस और एलडीएफ ने केरल राज्य को बुरी तरह से लूटा है। असंख्य घोटालों में शामिल और सोने के तस्करों को बचाने वाले कभी आपकी रक्षा नहीं कर सकते। केरल को भ्रष्ट सरकारों के चंगुल से खुद को बचाने की जरूरत है।

मछुआरों की आजीविका जिसे एनडीएफ और यूडीएफ ने पिछले कुछ वर्षों में बर्बाद कर दिया है, अब हम उसे संरक्षित करेंगे। हम मछली फिशिंग के लिए नए क्लस्टर स्थापित करेंगे। मोदी की गारंटी में पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा किसानों को मिलना जारी रहेगा और इन सब के साथ ही गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर भी बनेंगे। 70 साल के ऊपर के हर नागरिक को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। यानी भाजपा के विकास दृष्टिकोण में केरल के हर वर्ग और हर समाज के लिए एक व्यापक रोडमैप मौजूद है।

# इस बार का चुनाव राम के पक्षधरों व रामद्रोहियों के बीच का चुनाव है: सीएम






**ग्वालियर।** इस बार का लोकसभा चुनाव रामविरोधी और राम के पक्षधरों के बीच का चुनाव है। कांग्रेस ने हमेशा से श्रीराम मंदिर को राजनीति करने का जरिया बनाया और हिन्दू-मुसलमानों को लड़ाकर केवल वोट बैंक की राजनीति की है। कांग्रेस में भी सबसे बड़े रामद्रोही दिग्विजय सिंह हैं, जो हर जगह रंग बदलकर बात करते हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को ग्वालियर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी की नामांकन जनसभा को अग्रसेन चौराहे पर संबोधित करते हुये कही। सभा में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सांसद विवेक शेजवलकर भी मौजूद थे।

जनसभा में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि आज पूरे देश और प्रदेश का माहौल मोदीमय और राममय है। हर तरफ आनंद ही आनंद है। हमारे आराध्य भगवान श्रीराम भी गर्भगृह में मुस्कुरा रहे हैं और हर तरफ भाजपा की लहर है। इस बार मध्यप्रदेश में भी भाजपा सभी 29 सीटों पर विजय हासिल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर-चंबल की धरती वीर-सपूतों की धरती है। यहां के नौजवान सेना में भर्ती होकर देश की, भारत माता की रक्षा करते हैं। ग्वालियर हमेशा से देश के केंद्र में रहा है। जब पाकिस्तान ने एक हरकत की थी। भारतीय सैनिकों को ललकारा था तो उसे सबब सिखाने के लिए प्रधानमंत्री ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी। इसके लिए जो विमान पाकिस्तान भेजे गए थे वे ग्वालियर की धरती से ही उड़े थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कश्मीर से जब धारा 370 हटाई गई तो कांग्रेस के लोग कहते थे कि देश के अंदर माहौल खराब हो जाएगा। कांग्रेस के लोगों ने देशभर में भ्रम फैलाया, देशभर में माहौल खराब किया, लेकिन देश के अंदर नहीं, बल्कि पाकिस्तान और कांग्रेस के अंदर ही माहौल खराब हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगढ़ का चुनाव रामद्रोही और राम के पक्षधरों के बीच का चुनाव है। यहां पर मिस्टर बंटाढार और विकास का चुनाव है।

जनसभा में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर के भविष्य को बुलंद करना है तो एक बार फिर ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में कमल खिले, जिससे ग्वालियर के विकास का मार्ग प्रशस्त हो। उन्होंने कहा कि ग्वालियर का नया एयरपोर्ट रिकॉर्ड समय में बना, यह मप्र का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। ऐलीवेटेड रोड और स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। एक हजार बिस्तर का अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी इन दोनों को लिंक कराने के लिए आने वाले समय में कॉरिडोर का भी निर्माण होगा। जनसभा में मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, प्रदेश महामंत्री रणवीर रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, संगठन प्रभारी विजय दुबे, जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा, विधायक मोहन सिंह राठौर, विधायक रमेश खटीक, मनोज तोमर, श्रीमती सुमन शर्मा, श्रीमती समीक्षा गुप्ता, राकेश माहौर, जिला महामंत्रीगण विनय जैन, विनोद शर्मा, राजू पलैया, मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

**सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता**

नामांकन आमसभा में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलवाई एवं अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।

# 44 दिन में चुनाव आयोग ने जब्त किए 4 हजार 658 करोड़

**लोकसभा चुनाव के 75 साल के इतिहास में ये सबसे ज्यादा**

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले 1 मार्च से 13 अप्रैल तक चेकिंग के दौरान देश भर में 4658.13 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। इनमें कैश, सोना-चांदी, शराब, ड्रग्स और कीमती सामान शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के 75 साल के इतिहास में ये अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। आयोग ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 3475 करोड़ रुपए सीज किए थे। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले जनवरी और फरवरी में कुल 7502 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे। इस तरह, जनवरी से 13 अप्रैल तक कुल 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती की गई है।




तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 53 करोड़ कैश, तेलंगाना में 49 करोड़, महाराष्ट्र में 40 करोड़, कर्नाटक और राजस्थान में 35-35 करोड़ रुपए से ज्यादा जब्त किए गए हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124.3 करोड़ की शराब सीज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 51.7 करोड़, राजस्थान में 40.7 करोड़, उत्तर प्रदेश में 35.3 करोड़ और बिहार में 31.5 करोड़ रुपए की शराब जब्त की गई।

आयोग के आंकड़ों के मुताबिक कुल जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ हैं। गुजरात से सबसे ज्यादा करीब 485.99 करोड़ रुपए के ड्रग्स बरामद किए गए हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 293.02 करोड़, पंजाब में 280. 81 करोड़, महाराष्ट्र में 213.56 करोड़ और दिल्ली में 189. 94 करोड़ के ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव व केन्द्रीय मंत्री सिंधिया की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह ने दाखिल किया नामांकन

**ग्वालियर ।** ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में सोमवार को भाजपा प्रत्याशी समेत 4 उम्मीदवारों द्वारा अपनी नामजदगी के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए। भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और पूर्व गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा शामिल हुये। भाजपा प्रत्याशी ने कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान को अपना नाम निर्देशन पत्र मुख्यमंत्री की मौजूदगी में सौंपा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को ग्वालियर के ग्राम दंगियापुरा निवासी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। इनके अलावा मस्जिद रोड़ शताब्दीपुरम ग्वालियर निवासी रामप्रकाश सिंह पाल ने राष्ट्रीय उदय पार्टी, रिसाला बाजार मुरार निवासी चंदन राठौर ने परिवर्तन समाज पार्टी एवं श्रीराम कॉलोनी झाँसी रोड़ ग्वालियर निवासी डॉ. पी डी अग्रवाल ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन भरे। इस प्रकार ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में अब तक कुल 5 उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र भरे जा चुके हैं। नामांकन के लिए अब तीन दिन शेष बचे हैं। अभ्यर्थी अथवा उनके प्रस्तावक अब 16, 18 व 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी अथवा सहायक रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन प्रस्तुत कर सकेगें।

शासकीय अवकाश होने की वजह से 17 अप्रैल को नामांकन का सिलसिला बंद रहेगा। नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 20 अप्रैल को होगी। 22 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन सभी दिवसों में प्रातरू 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक यह कार्यवाही संपादित होगी। ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान और 4 जून को मतगणना होगी। ज्ञात हो ग्वालियर कलेक्ट्रेट में कलेक्टर न्यायालय कक्ष में बनाए गए रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं।



# श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया पुष्य नक्षत्र में आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे

**- केंद्रीय मंत्री सिंधिया के नामांकन दाखिले के बाद होगी विशाल जनसभा**

**- सत्ता और संगठन की एकजुटता दिखाने के लिए जुटेंगे पार्टी के दिग्गज नेता**

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**अशोकनगर।** लोकसभा चुनाव में गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 16 अप्रैल मंगलवार को नामांकन दाखिल करेंगे। सिंधिया पुष्य नक्षत्र और चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी के शुभ संयोग में नामांकन भरने पहुंचेंगे। इस दौरान सत्ता और संगठन के दिग्गज उनके साथ रहेंगे। नामांकन दाखिले के बाद विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। जहां करीब 15 हजार पार्टी कार्यकर्ताओं सहित भाजपा सरकार की योजनाओं के लाभार्थी व आम नागरिक भी जुटेंगे।

भाजपा प्रत्याशी सिंधिया मंगलवार की दोपहर 1.45 बजे शिवपुरी स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे । उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य सहित प्रदेश भाजपा के अनेक दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे।

सिंधिया 2.15 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। नामाकंन दाखिले के बाद 2.30 बजे पोलो ग्राउंड में विशाल सार्वजनिक सभा का आयोजन किया जाएगा। जहां मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री के साथ ही सत्ता और संगठन के अनेक नेता जनसभा को संबोधित करेंगे।



***दिखेगी भाजपा की एकता और ताकत***

नामांकन दाखिल के दौरान भाजपा आमजन को अपनी ताकत का अहसास कराने की तैयारी में है। सत्ता और संगठन का मानना है कि मतदाताओं को भी इस बात का पता चले कि वे जिस नेता को चुन रहे हैं वह दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी के प्रत्याशी हैं। प्रदेश और देश में इसी पार्टी की सरकार है। ऐसे में सिंधिया की जीत संसदीय क्षेत्र में विकास के नए आयाम तय करेगी। इसके चलते सत्ता और संगठन पार्टी की एकता और ताकत को दिखाने का काम करेगा।

***सिंधिया का बढ़ेगा वर्चस्व***

विश्व विख्यात श्री विद्या साधक एवं ज्योतिषाचार्य श्रीजी रमण योगी महाराज 'साइंटिस्ट बाबा' के मुताबिक केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जिस घड़ी और मुहूर्त में अपना नामांकन दाखिल कर रहे हैं वह श्रेष्ठतम है। पुष्य नक्षत्र की शुरुआत 16 अप्रैल को प्रातः 3 बजकर 5 मिनट से होगी और यह पूरे दिन रहेगा। पुष्य नक्षत्र को ऋग्वेद में वृद्धिकर्ता, मंगलकर्ता और आनंदकर्ता कहा गया है। धार्मिक अनुष्ठानों के लिए इस योग का चयन श्रेष्ठ माना जाता है। चंद्र वर्ष के अनुसार महीने में एक दिन चंद्रमा पुष्य नक्षत्र के साथ संयोग करता है, ऐसे में इस मिलन को बेहद शुभ माना गया है। इस दौरान नामांकन दाखिल करना सिंधिया को अभूतपूर्व एवं एतिहासिक जीत दिलाने के साथ ही राजनीतिक में उनका और प्रभाव व वर्चस्व बढ़ाने वाला होगा।


# 21 रिटायर्ड जजों ने सीजेआई को लिखी चिट्ठी

**कुछ लोग अपने फायदे के लिए ज्यूडीशियरी पर दबाव बना रहे, न्यायपालिका को इससे बचाएं**

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स के 21 रिटायर्ड जजों ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने बताया है कि कुछ लोग सोचे-समझे ढंग से दबाव बनाकर, गलत सूचनाएं और सार्वजनिक रूप से अपमानित करके न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिशें कर रहे हैं। ये लोग ओछे राजनीतिक हित और व्यक्तिगत लाभ के लिए न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम कर रहे हैं।

चिट्ठी लिखने वाले 21 जजों में से 4 सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज हैं। जबकि बाकी 17 राज्यों के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस या अन्य जज हैं। 14 अप्रैल को सीजेआई को भेजे गए ओपन लेटर में जजों ने उन घटनाओं के बारे में नहीं बताया है, जिसके कारण उन्हें इसे लिखना पड़ा। ज्यूडीशियल सिस्टम पर असर डालने के लिए धोखा देने वाले तरीके अपना रहे हैं। जजों ने कहा- इस तरह की कार्रवाइयां न केवल हमारी



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस (रिटायर्ड) दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह समेत रिटायर्ड जजों ने आरोप लगाया है कि आलोचक अदालतों और जजों की ईमानदारी पर सवाल उठाने के साथ न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती देते हैं, जिन्हें बनाए रखने के लिए कानून के संरक्षक के रूप में जजों ने शपथ ली है।

# मुंबई पुलिस ने सलमान खान की सुरक्षा में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई

आर.एन.एस.

**मुम्बई।** सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग के बाद मुंबई पुलिस भी हरकत में आ गई है. यही वजह है कि सलमान की सुरक्षा को और पुख्ता किया गया है. जानकारी के मुताबिक मुंबई पुलिस ने सलमान ख़ान की सुरक्षा में पुलिस की संख्या बढ़ाई है. मुंबई पुलिस द्वारा सलमान खान को फ़िलहाल ङ्घ+ कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है. इसी के तहत पुलिस बल को भी बढ़ाया गया है. इसके अलावा लोकल पुलिस का भी सर्विलांस बढ़ाया गया.

सलमान खान के घर के बाहर रविवार सुबह गोली चलाए जाने की घटना सामने आई है. पुलिस ने इस मामले की जांच भी शुरू कर चुकी है. अब ये मामला क्राइम ब्रांच को भी ट्रांसफर किया जा चुका है. इस मामले में नई जानकारी सामने आई है. बताया ये जा रहा है कि सलमान के घर फायरिंग की साजिश अमेरिका में रची गई. शूटर्स को वर्चुअल नंबरों से आदेश मिला था. रोहित गोदारा के इशारे पर शूटर्स के लिए हथियारों का बंदोबस्त किया गया.

फिलहाल पांच राज्यों महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब की पुलिस शूटरों की तलाश में जुटी में है. सूत्रों के मुताबिक करीब 1 महीने से सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की प्लानिंग रची जा रही थी. जिसके लिए शूटरों के सिलेक्शन का जिम्मा अमेरिका में बैठे अनमोल विश्नोई ने अमेरिका में ही रह रहे रोहित गोदारा को सौंपा था. इसकी सबसे बड़ी बजह है रोहित गोदारा के पास दर्जनों की तादाद में प्रोफेशनल शूटर्स का होना है, जो कई राज्यों में फैले हुए हैं।

# इस बार मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा!

**राजस्थान, मप्र समेत 20 राज्यों में अच्छी बारिश होगी**

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार को बताया कि इस बार जून से सितंबर तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। मौसम विभाग 104 से 110 फीसदी के बीच बारिश को सामान्य से बेहतर मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है।

मौसम विभाग ने बताया कि 2024 में 106त्न यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। 4 महीने के मानसून सीजन के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज 868.6 मिलीमीटर यानी 86.86 सेंटीमीटर होता है। यानी मानसून सीजन में कुल इतनी बारिश होनी चाहिए। इससे पहले 9 मार्च को प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट ने सामान्य मानसून का अनुमान जारी किया था। यानी जून से सितंबर तक 4 महीने में 96 से 104 प्रतिशत के बीच बारिश हो सकती है।



भारत में आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल के रास्ते आता है। 4 महीने की बरसात के बाद यानी सितंबर के अंत में राजस्थान के रास्ते इसकी वापसी होती है।

**25 राज्यों में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान**

केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, प.बंगाल, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पुड्डुचेरी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षदीप, दादरा और नगर हवेली, दमन-दीव।

**4 राज्यों में सामान्य बारिश का अनुमान** : छत्तीसगढ़, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख।

**6 राज्यों में सामान्य से कम बारिश का अनुमान** : ओडिशा, असम, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा।

# निर्वाचन कर्तव्य के संबंध में कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों, कम्युनिकेशन टीम तथा रनर टीम को दिए निर्देश

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान दिवस 19 अप्रैल के संबंध में सेक्टर अधिकारियों, कम्युनिकेशन टीम की अलग-अलग बैठक लेकर निर्वाचन दायित्वों के संबंध में दिशानिर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर सहित निर्वाचन से संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने सेक्टर अधिकारियों को सामग्री वितरण के दौरान जिम्मेदारी से अपने दायित्व का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी मतदान दलों को निर्धारित रूट से मतदान केन्द्रों तक पहुंचाकर जिला निर्वाचन कार्यालय को ओके रिपोर्ट देंगे। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को सामग्री वितरण तथा सामग्री जमा करने के दौरान मतदान दलों के साथ समन्वय कर सावधानीपूर्वक सामग्री का उठाव व जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट के तकनीकी समस्या आदि के संबंध में सेक्टर अधिकारी तत्काल दल से समन्वय सुनिश्चित करते हुए मास्टर ट्रेनर व बेल के इंजीनियर से सम्पर्क स्थापित कर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने निर्वाचन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिषानिर्देषानुसार सभी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि




सभी सेक्टर अधिकारी निर्वाचन दायित्वों का बखूबी निर्वहन सुनिश्चित करते हुए शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने में सहयोग करेंगे।

***कम्युनिकेशन टीम को मतदान दलों से समन्वय के दिए निर्देश***

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने कम्युनिकेशन टीम को प्रो-एक्टिव होकर मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के पहुंचने तथा मतदान दिवस के दिन मॉकपोल प्रारंभ, समाप्ति तथा मतदान प्रारंभ होने की जानकारी का समन्वय से अदान-प्रदान निर्धारित समय पर किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कम्युनिकेशन टीम को 18 अप्रैल को कम्युनिकेशन से संबंधित सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कम्युनिकेशन टीम को सेक्टर अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, बीएलओ तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से समन्वय कर जानकारी प्राप्त कर रिपोर्टिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईव्हीएम की खराबी की जानकारी तत्काल प्रदान की जाए। जिससे समय पर समस्या का निदान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कम्युनिकेशन दल के सदस्यों को मोबाइल चार्जिंग तथा अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

***शेडो एरिया में रनर के माध्यम से होगी रिपोर्टिंग***

जिले के 9 शेडो एरिया में मतदान दिवस 19 अप्रैल के दिन निर्वाचन से संबंधित जानकारी के अदान-प्रदान के लिए रनर तैनात किए गए हैं। रनर टीम में संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ, ग्राम पंचायत के जीआरएस तथा होमगार्ड सिपाही व पुलिस रेडियो विभाग के कर्मचारी तैनात रहेंगे। तैनात किए गए रनर आपसी समन्वय कर मतदान केन्द्र की समय-समय पर रिपोर्टिंग जिला निर्वाचन कार्यालय को सुनिश्चित करेंगे। शेडो एरिया में मतदान केन्द्र में मॉकपोल, मतदान प्रारंभ, मत प्रतिशत, मतदान समाप्ति आदि की जानकारी रनर द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी।

शेडो एरिया में रनर टीम के आपसी परिचय के लिए कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने शेडो एरिया के मतदान केन्द्रों में तैनात किए गए रनर टीम को आपसी समन्वय से समय पर रिपोर्टिंग के निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार ने कहा कि रनर मतदान केन्द्रों की जानकारी के साथ ही कानून व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी समन्वय से उपलब्ध कराएंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कम्युनिकेशन टीम के सदस्यों को रिपोर्टिंग फार्मेट तथा मतदान केन्द्रों से समन्वय के लिए सभी आवश्यक तैयारियां 18 अप्रैल को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कम्युनिकेशन टीम के सदस्यों को किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में तथ्यों को लाने के निर्देश दिए।

# कुत्तों के हमले से घायल नर चीतल की मौत

## सम्मान के साथ किया गया दाह संस्कार

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** जिले के वन परिक्षेत्र जैतहरी अंतर्गत पोडी बीट के ग्राम



सिंघौरा में सोमवार की सुबह जंगल में विचरण कर रहे नर चीतल पर कई आवारा कुत्तों द्वारा दौड़ा कर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल नर चीतल अपनी जान बचाने के लिए भाग कर सिंघौरा निवासी राकेश सिंह पिता प्रताप सिंह सेंगर के गेहूं लगे खेत में आकर बैठ गया। नर चीतल के घायल स्थिति में आने की जानकारी पर परिक्षेत्र ससा. वेंकटनगर रामसुरेश शर्मा बीट प्रभारी पोंडी, तरुण सिंह मसराम एवं आसपास के परि. सहा. वनरक्षक, सुरक्षा श्रमिकों के साथ जिला मुख्यालय अनूपपुर के वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल मौके पर पहुंचे तथा वनविभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिए जाने पर उनके निर्देशन में प्रारंभिक उपचार की कार्यवाही की जा रही थी तभी, गंभीर रूप से घायल नर चीतल ने दम तोड़ दिया, जिसे शासकीय वाहन से वन डिपो जैतहरी ला कर पशु चिकित्सा जैतहरी सचिन समैया से पी.एम. कराने बाद एसडीओ वन अनूपपुर, नायब तहसीलदार जैतहरी धनीराम सिंह, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल, वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर एवं जैतहरी स्वर्णगौरव सिंह, विवेक मिश्रा, विभिन्न बीटो के परि.सहा. वनरक्षकों, सुरक्षा श्रमिकों की उपस्थिति में पूरे सम्मान के साथ मृत नर चीतल का दाह संस्कार किया गया।



# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 15 मई तक

**अनूपपुर।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 29 मार्च 2024 से 15 मई 2024 तक एफएक्यू गेहूँ समर्थन मूल्य 2275 रुपये + बोनस 125 रुपये प्रति क्विंटल कुल 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी किया जा रहा है। जिले में 06 गेहूँ उपार्जन केन्द्र क्रमशः अनूपपुर-तुलसी वेयर हाउस मेड़ियारास, पटनाकला-माँ शारदा वेयर हाउस बीओटी-2 बरबसपुर, बिजुरी-बतुल वेयर हाउस कोतमा, फुनगा-एस.डब्ल्यू.सी. गोदाम पयारी, जैतहरी-समिति कार्यालय जैतहरी एवं राजेन्द्रग्राम- समिति मुख्यालय राजेन्द्रग्राम में स्थापित किए गए हैं। शासन द्वारा पंजीकृत किसानों को एस.एम.एस. भेजकर उपज क्रय की व्यवस्था में बदलाव करते हुए

## स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध

स्लॉट बुकिंग के माध्यम से उपज विक्रय की व्यवस्था की गई है। इसके लिए पंजीकृत किसानों द्वारा उपार्जन केन्द्र में उपज विक्रय हेतु स्वयं के मोबाईल, एम.पी.ऑनलाईन, कियोस्क सेन्टर, इंन्टरनेट कैफे, उपार्जन केन्द्र से स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी। स्लॉट बुकिंग हेतु कृषक के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत मोबाईल पर ओ.टी.पी. प्रेषित किया जाएगा, जिसे पोर्टल पर दर्ज करना होगा। उक्त स्लॉट बुकिंग 7 कार्य दिवस के लिए वैध होगा। किसान अपनी इच्छा व उपलब्धता अनुसार उपज विक्रय हेतु किसी भी उपार्जन केन्द्र का चयन कर सकते हैं। स्लॉट बुकिंग की सुविधा www.mpeu-parjan.nic.in पर उपलब्ध है, जिसमें जाकर किसान अपने मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से स्लॉट बुकिंग का कार्य करा सकते हैं। वर्षा एवं ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल प्रभावित (लस्टर लॉस) हो जाने के कारण समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन में 0 से 30 प्रतिशत तक लस्टर लॉस हो जाने के कारण (चमकविहीन) वगैर वल्यूकट के उपार्जन करने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि घर से ही गेहूं की साफ-सफाई कर उपार्जन केन्द्र पर गेहूं लेकर जाएं और समर्थन मूल्य पर अपनी उपज विक्रय करें।

# 'वर्तमान परिदृश्य में खेलों में ऑफसेएटिंग का महत्व' विषय पर हुई कार्यशाला

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी जी के संरक्षण मे शारीरिक शिक्षा विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक द्वारा 'वर्तमान परिदृश्य में खेलों में ऑफसेएटिंग का महत्व' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शिवानंद सिंह विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, जवाहरलाल नेहरू पीजी महाविद्यालय एव राष्ट्रीय निर्णायक थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर एमटीवी नागराजू संकायाध्यक्ष शिक्षा संकाय, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र प्रताप गौड़, डॉ. मनोज पाण्डेय जी द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। संकायाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि शिवानंद सिंह का शॉल, श्रीफल, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। संकायाध्यक्ष का स्वागत शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने बताया कि खिलाड़ियों को किसी भी खेल में ऑफसेएटिंग कितनी महत्वपूर्ण होती है एक कुशल निर्णायक को मानसिक, शारीरिक एवं संवेगात्मक रूप से स्वस्थ होना चाहिए जिससे कि वह एक कुशलतापूर्वक आफएसेटिंग को कर सकता है। प्रोफेसर एमटीवी नागराजू सर ने कहा कि आफसेटिंग किसी भी खेल को एक निष्पक्षता एवम निर्विवाद रूप से संपादित करने के लिए आवश्यक है शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डां एम पी गौर ने स्वागत भाषण, मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय डॉ. मनोज पांडे ने एवं आभार प्रदर्शन हिमांशी वर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वय डॉ. रामजी मिश्रा द्वारा किया गया इस अवसर पर प्रोफेसर ज्ञानेंद्र राऊत, प्रोफेसर शमीम अहमद, प्रोफेसर दिनेश कुमार, डॉ. राकेश प्रसाद, डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, डॉ. के.के. सिंह एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक भी दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**अनूपपुर।** यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा।

आयोग के निर्देशानुसार सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

# भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल के समर्थन में वरिष्ठ नेता राजकुमार राजू ने ली जनसभा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**सहारनपुर।** अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन द्वारा आयोजित भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा के समर्थन में एक सभा दिल्ली रोड पर एक सभागार में हुई, जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू रहे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार राजू ने भी अपने विचार रखे और राघव लखनपाल शर्मा को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। केन्द्र सरकार लगातार विकास कार्यों को अंजाम दे रही है।









# सिद्धार्थ बसु का 'क्विज़र ऑफ द ईयर' 15 अप्रैल से सिर्फ सोनी लिव पर अपने चैम्पियनशिप राउंड्स दिखाने के लिये तैयार

**2000 से ज्यादा स्कूलों की 64 टीमें क्विज़र ऑफ द ईयर में मुकाबला करने के लिये तैयार हैं। विजेता टीम को 1 करोड़ रूपये की शैक्षणिक छात्रवृत्ति मिलेगी। स्ट्रीमिंग सिर्फ सोनी लिव पर होगी**

**भोपाल।** इस साल की बेहतरीन क्विज़ चैम्पियनशिप के लिये तैयार हो जाइये! सोनी लिव का क्विज़र ऑफ द ईयर (क्यूओटीवाय) राष्ट्रीय स्तर की एक चुनौती है। जल्द ही इसका प्रसारण शुरू होने वाला है और यह देशभर में क्विज़ के शौकीनों की कल्पना को कैद करने के लिये तैयार है। प्रतियोगिता की सरगर्मी बढ़ने के साथ यह प्लेटफॉर्म इसके फाइनल राउंड्स के लॉन्च की घोषणा करते हुए उत्साहित है। इसमें बेहद रोमांचक और अभूतपूर्व प्रतियोगिता का वादा किया जा रहा है! भारत के ग्रैण्ड क्विज़मास्टर श्री सिद्धार्थ बसु द्वारा प्रस्तुत इस शो की परिकल्पना अनीता कौल बसु और ट्री ऑफ नॉलेज डिजिटल (डिजिटॉक) की टीम ने की है।




क्विज़र ऑफ द ईयर का लक्ष्य है पारंपरिक पढ़ाई को एक रोमांचक ट्विस्ट देना और यह भारत में इंफोटेनमेंट के फॉर्मेट की खोज करता है। आज की दुनिया में विद्यार्थी केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर ध्यान नहीं देते हैं, बल्कि उन्हें अपनी किताबों से इतर नये अनुभव और ज्ञान भी चाहिये, जो उनके आस-पास की दुनिया से आता है। क्यूओटीवाय कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को देशभर में अपने समकक्षों के साथ अपनी योग्यताएं और ज्ञान परखने के लिये एक मंच देता है। क्यूओटीवाय के तीन चरण होते हैं, जिनमें से डेली क्विज़ेस का पहला चरण पूरा हो चुका है। हर ज़ोन का प्रतिनिधित्व करते हुए 64 टीमें आगे बढ़ी हैं, जो कि 300 से ज्यादा शहरों के 2000 से ज्यादा स्कूलों से आती हैं। इसके बाद हर ज़ोन की टॉप टीमें आगे बढ़कर नेशनल चैम्पियनशिप 'क्विज़र ऑफ द ईयर' टाइटल जीतने के लिये मुकाबला करेंगी। उनके पास 1 करोड़ रूपये की शैक्षणिक छात्रवृत्ति जीतने का मौका होगा। दूसरे और तीसरे नंबर पर आने वाली टीमों को भी क्रमशः 50 लाख रूपये और 20 लाख रूपये की शैक्षणिक छात्रवृत्ति मिलेगी।

क्यूओटीवाय की स्ट्रीमिंग 15 अप्रैल से सिर्फ सोनी लिव पर होगी। इसकी शुरुआत ज़ोनल राउंड्स के एपिसोड्स के साथ होगी, जिनकी मेजबानी अनुभवी क्विज़ मास्टर जॉय भट्टाचार्य और भारतीय सेना में रह चुके कर्नल वेम्बु शंकर करेंगे। विजेता टीमें सिद्धार्थ बसु की मेजबानी वाले क्वार्टरफाइनल्स, सेमी-फाइनल्स और फाइनल्स में पहुँचेंगी। अंतिम विजेता को क्विज़र ऑफ द ईयर का खिताब मिलेगा। देखिये क्विज़र ऑफ द ईयर 15 अप्रैल से, सोमवार-रविवार सुबह 11 बजे, केवल सोनी लिव पर!

***टिप्पणी***

***सिद्धार्थ बसु, प्रस्तोता एवं रचनाकर***

पिछले साल से ही ट्री ऑफ नॉलेज डिजिटल (डिजिटॉक) में हमारी टीम देशभर के टॉप हाई स्कूल क्विज़र्स के साथ जुड़ने के लिये काम कर रही है, ताकि नेशनल प्ले-ऑफ्स के लिये टीमें चुनी जा सकें। हमारा लक्ष्य क्यूओटीवाय में सभी को शामिल करना, हर किसी को खेलने देना और क्विज़िंग के जरिये अपने ज्ञान को परखने तथा बढ़ाने का मौका देना है। आगे के राउंड्स के लिये क्वालिफाई न होने वाले लोग भी पूरे साल ऐप पर खेल सकते हैं। इंफोटेनमेंट से मैं पिछले चार दशकों से जुड़ा हूँ और सोनी लिव के साथ ओटीटी की दुनिया में कदम रखते हुए उत्साहित हूँ। इस तरह मैं सारी बाधाओं को तोड़कर विद्यार्थियों तक पहुँच जाऊंगा। हमें उम्मीद है कि क्यूओटीवाय एक तथ्यात्मक संस्कृति को बढ़ावा देने का साधन बनेगा और बच्चों की एक जानकार कम्युनिटी बनाने में मदद करेगा।



# बिहार से गांजा लेकर आया तस्कर पकड़ा

**ग्वालियर।** बिहार से गांजे की खेप लेकर आए एक तस्कर को पुरानी छावनी थाना पुलिस ने दबोचा है। पकड़े गए तस्कर से पुलिस ने करीब 18 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि तस्कर बिहार से गांजे की खेप लेकर आता है और यहां पर लोकल तस्करों को देता है। पुलिस अब उसके साथियों की जानकारी जुटाने में जुट गई है।

सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक तस्कर गांजा लेकर आ रहा है। सूचना पर टीआई पुरानी छावनी विनय सिंह तोमर को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। निर्देश मिलते ही थाना प्रभारी विनय तोमर ने पुलिस की टीम बनाकर कार्रवाई के लिए भेजा। पुलिस टीम चेकिंग करती हुई रायरू स्टेशन के पास पहुंची तो एक युवक पैदल-पैदल आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखते ही वापस स्टेशन की तरफ जाने लगा। कुछ आगे जाने के बाद वह फिर वापस लौटा तो पुलिस को शंका हुई और उसे रोकने का प्रयास किया तो वह बैग फेंककर भागने लगा। जिस पर पुलिस जवानों ने उसका पीछा किया और उसे दबोच लिया।

पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम उपेन्द्र कुमार पुत्र साब सिंह निवासी बिहार बताया। पुलिस ने जब उपेन्द्र के बैग की तलाशी ली तो बैग में करीब 28 किलो के लगभग गांजा बरामद हुआ। गांजा बरामद होते ही पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि वह बिहार से गांजे की खेप लेकर आता था और शहर में इसकी सप्लाई देता है। यह उसका तीसरा चक्कर है और इससे पहले वह दो बार गांजे की सप्लाई करके जा चुका है। अब पुलिस उससे पूछताछ कर पता लगा रही है कि इससे पहले उसने कहां-कहां पर गांजा सप्लाई किया है, जिससे उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सके।

### इनका कहना है

बिहार से गांजा लेकर आये तस्कर को पुरानी छावनी थाना पुलिस ने अठारह किलो गांजे के साथ पकड़ा है। पकड़ा गया तस्कर बिहार से गांजे की चोप लेकर आता है और शहर में खपाता है। पकड़े गए तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

**नागेन्द्र सिंह सिकरवार,**
**सीएसपी महाराजपुरा**

# दुष्कर्म के आरोपी सात हजार के इनामी को क्राइम ब्रांच मनिया से दबोचा

**ग्वालियर।** दो साल से पुलिस को चकमा दे रहे दुष्कर्म के मामले में फरार सात हजार रुपए के इनामी आरोपी को क्राइम ब्रांच ने धौलपुर के मनिया इलाके से दबोचा है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने उसे टूरिस्ट बनकर बुलाया और जैसे ही वह आया, क्राइम ब्रांच ने उसे बगैर मौका दिए ही अपने वाहन में डाला और ग्वालियर ले आए है। क्राइम ब्रांच की टीम पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

एएसपी क्राइम शियाज केएम ने बताया कि महिला थाने में दर्ज दुष्कर्म के मामले में दो साल से पुलिस को चकमा दे रहे सात हजार रुपए के इनामी आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने मनिया के पास से पकड़ा है। थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच अजय पंवार ने बताया कि उन्हें एएसपी क्राइम शियाम केएम ने दुष्कर्म के एक आरोपी को पकड़ने का टास्क दिया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने जब आरोपी की तलाश की तो पता चला कि वह पुलिस से बचने के लिए गुजरात भाग गया है और वहां पर ट्रैवल्स एजेंट बन गया है। इसका पता चलते ही क्राइम ब्रांच की टीम ने उससे टूरिस्ट बनकर संपर्क किया और उत्तर भारत की यात्रा के लिए संपर्क किया। बातचीत होने पर उसने आगरा में फाइनल बातचीत के लिए मिलना तय किया थाा। बातचीत तय होने के बाद क्राइम ब्रांच की टीम आगरा पहुंच गई और उसे लगातार ट्रैक कर ही थी। जैसे ही आरोपी कपिल उर्फ बिट्टू पुत्र लक्ष्मण चोकोटिया 27 साल निवासी साठ फुटा रोड द्वारिकाधीश कॉलोनी थाना थाटीपुर मनिया पहुंचा, क्राइम ब्रांच भी मनिया जा पहुंची और उसे दबोच लिया।

क्राइम ब्रांच ने उसे बातचीत करने के बहाने कार में बिठाया और उसे लेकर ग्वालियर के लिए रवाना हो गए। जैसे ही वह ग्वालियर की सीमा में आए तो आरोपी को शंका हुई और उसने कार रूकवाने का प्रयास किया तब उसे पता चला कि वह टूरिस्टों के साथ नहीं बल्कि क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गया है। इसका पता चलते ही उसने शोर मचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक क्राइम ब्रांच के अफसर और जवान अपने एक्शन में आ गए औ चुपचाप बैठे रहहने के निर्देश दिए और उसे क्राइम ब्रांच थाने लाकर दाखिल ए हवालात किया है। पुलिस को जांच में पता चला कि पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने सात हजार रूपये का इनाम घोषित किया था और वह वारदात के बाद से ही फरार था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# लुटेरे फिर सक्रिय, महिला की चेन लूटी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक कार्यक्रम में शामिल होने आई महिला आयोजन में शामिल होकर वापस लौट रही थी और ट्रेन में सवार होने से पहले स्टेशन छोड़ चुकी थी। दिल्ली निवासी दिपिका सिंह पत्नी बीएस सिंह दो दिन पहले थाटीपुर इलाके में अपने परिचित के यहां पर

### शीतला माता मंदिर से महिलाओं की चेन चोरी

शीतला माता के दर्शन करने पहुंची दो महिलाओं की चेन चोरी हो गई। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। झांसी रोड थाना पुलिस ने बताया कि न्यू रेशम मिल बिरला नगर निवासी सविता यादव पत्नी हिम्मत यादव बीते रोज शीतला माता मंदिर दर्शन करने के लिए अपने परिजनों के साथ गई थी। मंदिर में भीड़ थी तो वह तथा उनके परिजन लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, तभी पता चला कि उनके गले से सोने की चेन व पर्स गायब है। इसका पता चलते ही उन्होंने शोर मचाया तभी पता चला कि एक अन्य लाइन में लगी सत्यदेव नगर थाटीपुर निवासी रिचा पाठक पत्नी खेमराज पाठक की सोने की चेन भी चोरी हुई है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

एक बदमाश उसकी एक तोला वजनी सोने की चेन लूट ले गया। घटना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक दो की है। घटना का शिकार पीडिता ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ट्रेन आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई थी। कार्यक्रम होने के बाद रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे वह वापस जाने के लिए स्टेशन पहुंची और लक्ष्मीबाई एक्सप्रेस के एस-2 में सवार हो रही थी। तभी एक युवक आया और पास आते ही उसके गले पर झपट्टा मारा और उसके गले से एक तोला वजनी सोने की चेन छीन कर डिब्बे में चढ़कर दूसरी तरफ निकल गया। जब तक महिला ने शोर मचाया, ट्रेन स्टार्ट हो चुकी थी। तुरत ही उसने पुलिस को डायल 100 पर सूचना दी।

महिला की शिकायत पर पुलिस की एफआरवी व जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ट्रेन मुरैना की सीमा में प्रवेश कर चुकी थी और महिला ने दिल्ली में शिकायत करने का आश्वासन दिया। महिला के नहीं मिलने पर पुलिस वापस लौट गई। लुटेरे का पता लगाने के लिए पुलिस ने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालना शुरू कर दिया है। महिला ने बताया था कि लुटेरा सावले कलर का था और उसकी उम्र करीब 25 से 30 साल के बीच थी और उसने गुलाबी शर्ट पहनी हुई थी। पुलिस हुलिया के आधार पर लुटेरे की तलाश कर रही है।

# कट्टा लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ा

**ग्वालियर।** वारदात की नीयत से कट्टा लेकर घूम रहे एक बदमाश को महाराजपुरा थाना पुलिस ने जीईसी कॉलेज के पास से कट्टा सहित दबोचा है। पकड़े गए बदमाश से पुलिस ने कट्टा बरामद कर मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

महाराजपुरा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के लिए कट्टा लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही एसआई मनोज शर्मा, प्रधान आरक्षक अरविन्द शर्मा, आरक्षक ध्रुव गुर्जर को सूचना की तस्दीक के लिए पहुचांया। पुलिस को देखते ही एक युवक भागा तो पुलिस ने उसे दबोचा और उससे कट्टा बरामद कर लिया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान सचिन बाल्मीक के रूप में हुई है।

# अनुपयोगी बोरवैल बंद कराने ग्वालियर कलेक्टर की एक अनूठी पहल

## - संबंधित 4 विभागों को दिये 10 दिन का टारगेट

**ग्वालियर।** जिले में खुले व असफल बोरवैल का सर्वे कराने के लिये जिला प्रशासन ने सहयोगी 4 विभागों को 10 दिन का टारगेट देकर एक बड़ी पहल की है। क्योंकि अनुपयोगी बोरवैलों से कहीं न कहीं घटना घटित हो जाती है।

यदि उक्त खुले हुये बोरवैलों को समय रहते भराई कार्य कर बंद कर दिये जाये तो बड़ी घटनाओं से बचा जा सकता है। इसीलिये ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रूचिका सिंह ने सोमवार को जिला पंचायत, नगर निगम, पीएचई विभाग, कृषि विभाग और वन विभाग को संयुक्त रूप से निर्देश देते हुये सर्वे करने की बात कही। जिले में पीएचई विभाग के द्वारा समय-समय पर नलकूप कराये जाते है। वहीं कृषि क्षेत्र में कृषि विभाग के द्वारा किसानों को अनुदान देकर बोरवैल कराये जाते है तो कभी कभी उक्त नलकूप असफल भी हो जाते है जिनको भराई कर बंद करना जरूरी हो जाता है। फिर भी कई ऐसे बोर खुले रह जाते है। जिनसे कई घटनायें भी होती है।

### आएईओ लगे खरीदी व तुलाई में, सर्वे पर प्रश्नचिन्ह

अनुपयोगी नलकूपों को बंद कराने के लिये सर्वे हेतु केवल 10 दिन का लक्ष्य दिया गया है। उधर कृषि विभाग के अधिकांश ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आरएईओ की डयूटी सोसायटियों पर गेंहू, सरसों, चना की खरीदी व तुलाई में लगी हुई है। ऐसे में कृषि विभाग द्वारा कृषि क्षेत्र में होने वाले नलकूपों के सर्वे रिपोर्ट पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। यहां बता दें कि वर्ष 2013 तक ही कई नलकूप असफल हो गये थे। वर्ष 2013-14 के बाद भी लक्ष्य अनुसार ग्वालियर में हर साल नये बोरवैल कराये गये हैं। जिनमें अधिकांश नलकूप सूखे होने के कारण बंद की कगार पर है। ऐसे नलकूपों का सर्वे होना बहुत जरूरी है। खुले नलकूप मिलने पर भराई का बंद करने की प्रक्रिया कितनी सफल होगी यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

# गांजा लेने आए नशेडियों ने चाची और भतीजा को मारे चाकू

**ग्वालियर।** दो नशेडियों ने दरवाजे पर बातचीत कर रहे चाची और भतीजे को चाकू मार कर घायल कर दिया। नशेडियों ने चाची और भतीजे से गांजा बिकने का स्थाना पूछा था और जब चाची भतीजे ने इनसे मना किया तो वह आक्रोशित हो गये और चाची भतीजे पर हमला कर दिया। वारदात सिरोल थाना क्षेत्र के हरदौल गार्डन के पास की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सिरोल थाना क्षेत्र के हरदौल गार्डन के पास रहने वाली लाली पत्नी संजय बाल्मीक ने शिकायत की है कि बीते रोज वह अपने भतीजे सतीष के साथ दरवाजे पर खड़ी हुई थी कि तभी पास ही जाटव मोहल्ले में रहने वाले छोटू जाटव व चट्टान जाटव वहां पर पहुंचे और उनसे गांजे की पुडिया मिलने का स्थान पूछा तो उन्होंने जानकारी जोने से इनकार किया । ना सुनते ही दोनों आरोपी भड़क गए और गाली गलौज करने लगे, जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर चाकू से हमला बोल दिया, जिसमें चाची और भतीजा घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी भाग निकले। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घयलों को उपचार के लिए भर्ती कराकर आरोपियों की तलश शुरू कर दी है।

# रंगोली उकेर स्लोगन लिखकर मतदाताओं को किया जागरूक

**ग्वालियर।** इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये जिले में स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एज्यूकेशन एण्ड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) के तहत तरह-तरह की मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस कड़ी में भितरवार जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक रंगोली उकेरकर और एक से बढ़कर एक स्लोगन लिखकर मतदान का महत्व रेखांकित किया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से 7 मई को अपने मताधिकार का उपयोग करने का संदेश मतदाताओं तक पहुँचाया गया। इस अवसर पर पहली बार मतदाता बनी नव वधुओं और नये मतदाताओं को सम्मानित किया। साथ ही सभी को अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान भितरवार एसडीएम देवकीनंदन सिंह ने पहली बार



मतदाता बनीं नव वधुओं और 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर पहली बार वोट डालने जा रहे युवा मतदाताओं को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया । एसडीएम सिंह ने बताया कि भितरवार क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। जिसमें मानव श्रृंखला व साइकिल रैली शामिल हैं। साथ ही मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ भी दिलायी जा रही है। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएँ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर दस्तक देकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रही हैं।

# फसल का हिसाब लेने गई महिला के घर चोरी

***- चार लाख का माल ले गये चोर***

**ग्वालियर।** फसल का हिसाब करने गई महिला के सूने घर के ताले चटकाकर चोर नगदी व गहने पार कर ले गए। घटना ग्वालियर थाना क्षेत्र के गोसपुरा नंबर एक की है। घटना का पता उस समय चला जब वह वापस आई तो घर के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। मामले का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

ग्वालियर थाना क्षेत्र के गोसपुरा नंबर एक निवासी मनीषा पत्नी राजवीर सिंह ने शिकायत की है कि वह बीते रोज घर का ताला डालकर अपने गांव बरौआ गई थी। क्योंकि गांव में उनकी फसल हुई थी और फसल का हिसाब-किताब करन था। जब वह वापस आई तो ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। मामले का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पीडिता ने बताया कि चोर उनके घर से दो लाख रुपए नगद व करीब पांच तोला वजनी सोने के जेवर पार कर ले गए है। चोरी गए माल की कीमत करीब चार लाख रुपए है। पीडिता ने बताया कि हाल ही में उनकी जमीन बिकी थी, जिसमें से दो लाख रुपए रख लिए थे, जबकि शेष रुपयों को बैंक में जमा करा दिया था।

# इस्कॉन ग्वालियर का श्रीरामनवमीं महामहोत्सव कल से

### - अंतरराष्ट्रीय वक्ता अचल कृष्ण प्रभु करेंगे कथा का वाचन

**ग्वालियर ।** अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन मंदिर नया बाजार द्वारा भगवान श्रीराम जन्म के अवतरण दिवस 17 से 19 अप्रैल तक मनायेगा।

इस्कॉन मंदिर नया बाजार के प्रमुख महेंद्र प्रभु ने बताया कि किड्स कॉर्नर स्कूल नया बाजार में दिव्य श्रीरामनवमीं के पावन अवसर पर श्रीराम जन्म महामहोत्सव व श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान न्यूजीलैण्ड से आए अंतरराष्ट्रीय श्री भागवत कथा व श्री राम कथा वक्ता अचल कृष्ण प्रभु जी के मुखरबिन्द द्वारा कथा की जाएगी और देश विदेश से आये भक्तों द्वारा त्रिदिवसीय भव्य राम लीला का मंचन किया जाएगा। साथ ही सभी श्रोताओं के लिए त्रिदिवसीय प्रतिदिन भंडारा महाप्रसाद निशुल्क वितरण होगा। इस रामनवमीं में आध्यात्मिक आयोजन का दिव्य आनंद अनुभव कर अपने जीवन में पूर्णता लाएँ।

कार्यक्रम के दौरान महा यज्ञ, 56 भोग दर्शन, सूमधुर किर्तन विषेश कथा शाम 4 बजे से, राम लीला मंचन कार्यक्रम शाम 6.30 बजे, महाअभिषेक, गौर आरती इसके बाद 1000 भक्तों के लिए महाप्रसाद निशुल्क कूपन द्वारा रात्री 8.30 बजे से वितरित किया जाएगा।

# चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक खर्च कर सकेंगे

ग्वालियर। लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी को अपने चुनाव खर्च के लिए बैंक में पृथक से एक खाता खोलना अनिवार्य है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में प्रत्याशी को सभी दैनिक व्यय लेखा का हिसाब-किताब रखना होगा। ऐसे सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रितध्प्रकाशित किए गए हों, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग किए जा रहे हों, उन सभी का खर्चा अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि रैली आयोजन के लिए किरायेध्भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। किसी रैली, प्रदर्शित फोटो, मंच को अभ्यर्थी द्वारा साझा करने आदि पर हुए सभी व्यय भी अभ्यर्थी के चुनाव प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

# श्रीरामनवमीं पर कलश एवं शोभायात्रा निकलेगी

**ग्वालियर।** हिंदू उत्सव आयोजन समिति मुरार कल 17 अप्रैल को श्रीरामनवमीं पर महावीर गंज सदर बाजार मुरार से भव्य कलश एवं शोभा यात्रा गाजेबाजे के साथ निकालेगी।

हिन्दू उत्सव आयोजन समिति के सचिव अमित सेठी एवं मीडिया प्रभारी पंकज पाठक ने बताया कि श्रीरामनवमीं पर्व पर प्रभु श्रीराम की कलश एवं शोभायात्रा महावीर गंज सदर बाजार मुरार से दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी, जो मुरार के प्रमुख मार्गो से होकर निकलेगी। मार्ग में भक्तों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत एवं प्रभु श्रीराम के चित्र का पूजन किया जाएगा। शोभायात्रा में ध्वजवाहक ध्वज लेकर आगे चलेंगे। प्रभु श्रीराम का रथ समिति के लोगों एवं भक्तगणों द्वारा हाथों से खींचा जाएगा। रथ को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। रथ के आगे 251 महिलाएं सिर पर कलश लेकर पीले वस्त्र धारण कर चलेगी। शोभायात्रा के आगे रानी लक्ष्मीबाई एवं रानी झलकारी बाई के स्वरूप में महिलाएं घोड़े पर सवार होकर चलेगी। साथ ही शोभायात्रा में रामधन की मंडली राम धुन करते हुए रथ के आगे चलेगी। शोभायात्रा का समापन महावीरगंज में होगा। मंच पर नौ देवियों के रूप में छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन समिति के सदस्य द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात प्रसादी का वितरण होगा। हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक नेमीचंद जैन, अध्यक्ष ओमप्रकाश झा, संयोजक सुरेश गुप्ता, नितिन अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, अनिल बनवारिया, नीतू यादव, मुनिशंकर दुबे, नवल गुप्ता, आशीष बवेजा, शेखी अरोरा, अभय गांगिल, विवेक आदि ने कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया हैं।

# मतदान जागरूकता रैली निकाली, शपथ ली

**ग्वालियर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत स्वीप कार्यक्रम मतदाता




जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को वार्ड 31 के कांतीनगर अचलेश्वर विहार कालोनी में मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की गई और घर-घर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रूचिका चौहान व निगम आयुक्त हर्ष सिंह के आव्हान व पहल पर यह जागरूकता रैली आयोजित की गई व रंगोली भी बनाई गई। रैली में स्थानीय निवासियों ने शिरकत की व मतदान करने का संकल्प लिया। रैली का नेतृत्व जिला निर्वाचन की एमसीएमसी कमेटी के सदस्य विनय अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी नगर निगम रविन्द्र प्रताप सिंह गुर्जर ने किया। इस मौके पर स्थानीय निवासी अनिल शिवहरे, जिला स्काउट गाइड उपाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, मोहन सिंह वर्मा, जितेन्द्र सिंह भदौरिया, मनीष शर्मा, पुरूषोत्तम दुबे, दीपक रजक, भारत वर्मा, अनिल जाटव, अजय मिश्रा, अजय शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, अंकित सिंघल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ ने जौहरी का जन्मदिन मनाया



**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस विकलांग कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जीतू यादव के नेतृत्व में कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विकलांगजनों के हक की लड़ाई लड़ने वाले प्रकोष्ठ जिला संयोजक अनूप जौहरी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया। फूलबाग गांधी पार्क के सामने स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय बाबू जगजीवनराम पार्क में जौहरी को पुष्पमाला पहनाई गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने अनूप जौहरी से केक कटवाकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना ईश्वर से की।

# गंदगी फैलाने पर तिली फैक्ट्रियों से वसूला जुर्माना

**ग्वालियर।** शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ निगम का अमला अभियान चलाकर जगह-जगह भ्रमण कर जुर्माने की कार्रवाई कर रहा है। अपने अभियान के दौरान निगम के अमले ने गंदगी फैलाने वाली फैक्ट्रियों पर 6 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी अनुज शर्मा ने बताया कि सोमवार को गंदगी करने एवं प्रदूषण फैलाने वालों




पर जुर्मानें की कार्यवाही की गई। जिसके तहत वार्ड 49 में तिली फैक्ट्री द्वारा गंदगी फैलाई जा रही थी जिस पर फ्लाइंग स्कॉट टीम द्वारा गंदगी फैलाने पर तिली फैक्ट्री मै. मूलचंद बाधवानी पर 3000 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके साथ ही वार्ड 38 में श्री सांई बाबा इंडस्ट्रीज तिली फैक्ट्री द्वारा गंदगी फैलाने पर 3000 रुपए का जुर्माना किया गया।

# सहेली से मिलने निकली छात्रा लापता

**ग्वालियर।** सहेली से मिलने की कहकर घर से निकली सोलह वर्षीय छात्रा लापता हो गई। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के हनुमान घाटी लक्ष्मण तलैया की है। घटना का पता उस समय चला जब छात्रा वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कहीं पर पता नहीं चला तो थाने पहुंचे और शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने छात्रा का पता लगाने के लिए इलाके के सीसीटीवी खंगालना शुरू कर दिया है।

# विभिन्न वार्डों में किया फॉगिंग एवं दवा का छिडकाव

**ग्वालियर।** संक्रामक बीमारियों एवं मच्छरों की रोकथाम के लिए



नगर निगम द्वारा सोमवार को विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई गई। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुज शर्मा ने बताया कि शीतला माता मंदिर प्रांगण, वार्ड 62 गिरगांव वार्ड 61 ग्राम बेहटा, खुरैरी, आदित्यपुरम, पिंटो पार्क, मोतीझील, आनंद नगर, गोल पहाडिया, राय कॉलोनी, मामा का बाजार, भीम नगर, गोविंद पुरी, चन्द्रबदनी नाका सहित विभिन्न क्षेत्रों में फॉगिंग कार्य किया गया। इसके साथ ही शहर के अन्य भागों में भी कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया।

# चैट जीपीटी विषय पर व्याख्यान हुआ

**ग्वालियर।** माधव विधि महाविद्यालय में 7 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम



के तहत चतुर्थ दिवस में व्याख्यान में मुख्य वक्ता प्रो. भास्कर जे. रास्कर द्वारा चैट जीपीटी विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। शिक्षक सीखने के उद्देश्यों को आकर्षक पाठ योजनाओं में बदलने, कक्षाओं की तैयारी के लिए विचार प्राप्त करने या नए असाइनमेंट या मूल्यांकन का मसौदा तैयार करने के लिए चैट जीपीटी का उपयोग कर सकते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीति पाण्डेय व संयोजिका डॉ. ममता मिश्रा द्वारा कार्यक्रम का संचालन तथा आभार गिरीश पाल द्वारा किया गया।

# वेदमंत्रों से मंथन के साथ प्रकट हुई अग्नि, डाली आहुतियां



**ग्वालियर।** श्री बालाजी मठ मंदिर लोक न्यास द्वारा आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिवपुराण कथा में सोमवार को श्री गणेश एवं वास्तु पूजन किया गया। वहीं वेदमंत्रों से मंथन के साथ अग्नि प्रकट की गई।

जिला पंचायत कार्यालय के सामने स्थित प्रांगण में चल रहे महायज्ञ के दौरान सबसे पहले भगवान गणेश और वास्तु पूजन किया गया। प्रधान कुंड में ट्रस्ट के अध्यक्ष भानु प्रताप दुबे और सचिव ज्योति दुबे ने यज्ञ में आहुतियां डाली। इस अवसर पर यज्ञ कर पं. चेतन शर्मा ने कहा कि यज्ञ व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति का आधार है। यज्ञ से मनुष्य के अंतःकरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ वाहनों से होने वाले प्रदूषण से यज्ञ के द्वारा ही मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ में कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। कार्यक्रम स्थल पर यज्ञ के बाद कथावाचक पं. रामनरेश उपाध्याय ने माता सती, राजा ध्रुव और पार्वती जन्मोत्सव की कथा सुनाई। इस अवसर पर प्रांगण में श्री बालाजी महाराज का दिव्य दरबार आयोजित किया गया। इस दौरान पं. नंदगिरी महाराज ने पर्चियां निकालकर लोगों की परेशानियों का समाधान बताया।

## संपादकीय


# रिजर्व बैंक रेपोरेट को यथावत रख कर महंगाई पर नियंत्रण करने का कर रहा प्रयास

मार्च महीने में खुदरा महंगाई का रुख कुछ नरमी लिए दर्ज हुआ। निस्संदेह यह राहत की बात है। फरवरी में खुदरा महंगाई की दर 5.09 फीसद थी, जो मार्च में घट कर 4.85 फीसद पर आ गई। यह पिछले दस महीनों का सबसे निचला स्तर है। हालांकि रिजर्व बैंक लगातार दावा करता रहा है कि वह महंगाई पर बहुत जल्दी काबू पा लेगा और इसे चार फीसद पर स्थिर कर सकेगा। स्वाभाविक ही ताजा आंकड़े से रिजर्व बैंक ने कुछ राहत की सांस ली होगी। मगर दावा करना मुश्किल है कि आगे भी महंगाई का रुख नीचे की तरफ ही बना रहेगा। खुदरा महंगाई की दर में आई ताजा कमी की बड़ी वजह तेल, गैस और बिजली की कीमतों का घटना है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिस तरह कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव आ रहा है, उसमें महंगाई को लेकर कोई अंतिम दावा करना कठिन है। खुदरा महंगाई में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कोई खास अंतर दर्ज नहीं हुआ है। फरवरी में खाद्य वस्तुओं की महंगाई 7.8 फीसद दर्ज हुई थी, जो मार्च में घट कर 7.7 हो गई। सबसे चिंता की बात है कि रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले मोटे अनाज, दूध, अंडे वगैरह की कीमतों में कोई कमी दर्ज नहीं हुई है। आखिर आम लोगों का वास्ता तो इन्हीं चीजों से होता है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महंगाई का अंतर भी चिंता की एक बड़ी वजह है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 5.45 फीसद है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 4.14 फीसद है। यह 1.31 फीसद का अंतर पिछले तेईस महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। यानी ग्रामीण लोगों पर महंगाई की मार शहरी लोगों की अपेक्षा अधिक पड़ रही है, जबकि क्रयशक्ति की दृष्टि से ग्रामीण लोगों की क्षमता शहरी लोगों की अपेक्षा कम होती है।

उत्पादन के मामले में तेईस प्रमुख विनिर्माण उद्योगों में से दस का उत्पादन घटा है। रिजर्व बैंक अपनी रेपो दर को यथावत बनाए रख कर महंगाई के मोर्चे पर कामयाबी हासिल करने का प्रयास कर रहा है, मगर जिस तरह अनेक स्तरों पर विसंगतियां और असंतुलन नजर आ रहा है, उसमें महंगाई पर काबू पाना उसके लिए चुनौती बना हुआ है। एक तरफ बड़ी कारों और भवनों की बिक्री में तेजी दर्ज हो रही है, तो दूसरी तरफ औद्योगिक इकाइयों के उत्पादन में कमी देखी जा रही है। जिस मौसम में अनाज, फल और सब्जियों की बाजार में आवक तेज होती है, उसमें भी उनकी कीमतें ऊपर बनी रहती हैं। महंगाई दरअसल, अर्थव्यवस्था में असंतुलन का संकेतक होती है। भले विकास दर के सात फीसद पर रहने के अनुमान और भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के आंकड़ों से देश में समृद्धि के संकेत मिलते हों, पर हकीकत यह है कि खुद सरकार के मुताबिक करीब बयासी करोड़ लोग मुफ्त के राशन पर निर्भर हैं। रोजगार के मामले में स्थिति निरंतर भयावह होती जा रही है। सामान्य बोध यही है कि रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं तो लोगों की क्रयशक्ति बढ़ती है और उससे बाजार में पूंजी का प्रवाह तेज होता है। मगर इस दिशा में कोई व्यावहारिक कदम नहीं उठाए जा पा रहे हैं। चुनाव के मद्देनजर ईंधन की कीमतों में कमी करने से महंगाई का रुख जरूर कुछ नीचे की तरफ हो गया है, पर यह स्थायी और व्यावहारिक समाधान नहीं है। बुनियादी कमजोरियों को दूर किए बिना शायद ही जमीन पर बेहतरी नजर आए।

# पश्चिम एशिया में संघर्ष : यह तो बस शुरुआत है... ईरान-इस्राइल टकराव के बीच नेतन्याहू ने अभी नहीं खोले अपने पत्ते





पश्चिम एशिया का सबसे बड़ा सशस्त्र बल होने के बावजूद वायु सेना हमेशा से ही ईरान का कमजोर पक्ष रही है, जिसका प्रमाण इस्राइल पर इसके ताजा हमले में भी दिखता है। उसकी तकरीबन सभी मिसाइलों का कामयाबीपूर्वक सामना करने वाले इस्राइल ने इस पर प्रतिक्रिया को लेकर अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। ईरान और इस्राइल के बीच सीधे सैन्य टकराव की शुरुआत ने ईरान के सशस्त्र बलों की तरफ एक बार फिर लोगों को ध्यान खींचा है। इस महीने की शुरुआत में, इस्राइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के राजनयिक परिसर में एक इमारत पर हमला किया, जिसमें ईरान के सात वरिष्ठ कमांडरों और सैन्य कर्मियों की मौत हो गई थी। उसी समय ईरान ने जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई थी। और लगभग दो सप्ताह बाद उसने बीते शनिवार को इस्राइल पर हवाई हमला कर दिया, जिसमें सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें शामिल थीं। इन हमलों का लक्ष्य इस्राइल के भीतरी और नियंत्रण वाले क्षेत्र को निशाना बनाना था। ऐसे में ईरान की सैन्य क्षमता का विश्लेषण प्रासंगिक है। इस्राइली अधिकारियों ने कहा है कि ईरान के किसी भी हमले का हम पलटवार करेंगे। ईरान ने जिन मिसाइलों से इस्राइल पर हमला बोला, उनको तो इस्राइल ने कामयाबीपूर्वक झेल लिया। लेकिन, इसमें संदेह नहीं कि ईरान फिर हमला कर सकता है और यह अंततः एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में तब्दील हो सकता है। ऐसी भी आशंका है कि इस संघर्ष में अमेरिका भी शामिल हो जाए, हालांकि वाशिंगटन ने स्पष्ट कहा है कि उसका दमिश्क हमले से कोई लेना-देना नहीं है। विश्लेषकों का कहना है कि ईरान के विरोधी (मुख्यतः अमेरिका और इस्राइल) तेहरान के जटिल सैन्य तंत्र से उलझना नहीं चाहते हैं, इसलिए दशकों से वे ईरान पर सीधे हमला करने से बचते रहे हैं। हालांकि ईरान और इस्राइल लंबे समय से हवाई, समुद्री, जमीनी और साइबर हमलों के माध्यम से छद्म युद्ध में लगे हुए हैं। इस्राइल ने ईरान के भीतर सैन्य एवं परमाणु ठिकानों को गुप्त रूप से निशाना बनाया है और कमांडरों एवं वैज्ञानिकों को मारा है। नेवल पोस्ट ग्रेजुएट स्कूल में राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के एसोसिएट प्रोफेसर और ईरानी सेना के विशेषज्ञ अफशोन ओस्तोवर ने बताया कि ईरान पर हमला नहीं करने का कारण यह नहीं है कि उसके विरोधी उससे डरते हैं, बल्कि उन्हें पता है कि ईरान के खिलाफ कोई भी युद्ध बेहद गंभीर होगा। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज द्वारा पिछले साल किए गए आकलन के मुताबिक, ईरानी सशस्त्र बल पश्चिम एशिया में सबसे बड़ा है, जिसमें 5,80,000 सक्रिय जवान हैं और पारंपरिक एवं इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर में विभाजित करीब दो लाख प्रशिक्षित जवान सुरक्षित रखे गए हैं। सेना और गार्ड दोनों अलग हैं तथा जमीन, वायु एवं समुद्र में सक्रिय हैं। गार्ड ईरान की सीमा सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन वे कुद्स बल का भी संचालन करते हैं, जो पूरे पश्चिम एशिया में छद्म लड़ाकू गुटों के नेटवर्क को हथियार, प्रशिक्षण एवं समर्थन देने वाली विशिष्ट इकाई है। इन लड़ाकू गुटों में लेबनान के हिजबुल्ला, यमन का हूती, सीरिया, इराक के विद्रोही, हमास और गाजा के फलस्तीन इस्लामी जिहाद शामिल हैं। भले ही छद्म लड़ाकू गुटों को ईरान की सेना में नहीं गिना जाता, पर विश्लेषक कहते हैं कि उन्हें क्षेत्रीय सहयोगी बल माना जाता है, जो हमेशा लड़ाई के लिए तैयार, भारी हथियारों से लैस और वैचारिक रूप से ईरान के प्रति वफादार हैं, जो उसकी तरफ से लड़ने के लिए आ सकते हैं। खासकर हिजबुल्ला को ईरान की सैन्य क्षमता का हिस्सा माना जाता है, जिसका ईरान के साथ करीबी रणनीतिक रिश्ता है। सटीक और लंबी दूरी की मिसाइलों, ड्रोन एवं हवा रक्षा के विकास पर जोर देते हुए दशकों से ईरान की रणनीति अवरोध पर आधारित रही है। इसने स्पीडबोट और कुछ छोटी पनडुब्बियों का बेड़ा तैयार किया है, जो फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले व्यापारिक पोतों और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को बाधित करने में सक्षम है। ओस्तोवर कहते हैं कि ईरान के पास पश्चिम एशिया में बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन का विशाल भंडार है। इसमें 2,000 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ ही क्रूज मिसाइलें एवं एंटी-शिप मिसाइलें भी हैं। वह इस्राइल सहित पश्चिम एशिया के किसी भी देश को निशाना बना सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, हाल के वर्षों में तेहरान ने लगभग 1,200 से 1,550 मील की दूरी तक मार करने और रडार से बचने में सक्षम ड्रोन का बेड़ा किया तैयार है। ईरान ने अपनी मिसाइलों एवं ड्रोन को छिपाया नहीं है, बल्कि सैन्य परेडों में प्रदर्शित किया है, क्योंकि वह ड्रोन का बड़ा निर्यातक बनना चाहता है। ईरान के ड्रोन का इस्तेमाल रूस यूक्रेन में कर रहा है और सूडानी संघर्ष में भी इसे देखा गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, ईरान के हथियार ठिकाने और भंडारण सुविधाएं व्यापक रूप से फैली हुई हैं और उन्हें हवाई हमलों से नष्ट करना मुश्किल है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते ईरान टैंक और लड़ाकू जेट जैसे उच्च तकनीक वाले हथियारों और विदेशी सैन्य उपकरणों का आयात नहीं कर सकता है। 1980 के दशक में इराक के साथ आठ साल चले युद्ध के दौरान कुछ ही देशों ने ईरान को हथियार बेचने की इच्छा जताई थी। युद्ध खत्म होने के एक साल बाद 1989 में जब अयातुल्ला अली खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता बने, उन्होंने घरेलू हथियारों का उद्योग खड़ा करने के लिए काफी संसाधन खर्च किया। वह ईरान को आश्वस्त करना चाहते थे कि उसे अपनी रक्षा जरूरतों के लिए विदेशी शक्तियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। आज ईरान घरेलू स्तर पर बड़ी मात्रा में मिसाइलों और ड्रोनों का निर्माण करता है और उसने रक्षा उत्पादन को प्राथमिकता दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि उपकरणों, सामंजस्य, अनुभव एवं सैन्यकर्मियों की गुणवत्ता के मामले में ईरान की सेना को क्षेत्र में मजबूत माना जाता है, पर अमेरिका, इस्राइल और यूरोपीय देशों की सेना से वह काफी पीछे है। ईरान की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी वायु सेना है। ईरान के ज्यादातर विमान पुराने हैं और उनमें से कई जरूरी कल-पुर्जों के अभाव में निष्क्रिय हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि 1990 के दशक में उसने रूस से एक छोटा बेड़ा भी खरीदा था। ईरान के टैंक और बख्तरबंद वाहन पुराने हैं, और देश में केवल कुछ बड़े नौसैनिक जहाज हैं। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की हत्याओं से ईरान के क्षेत्रीय अभियानों पर असर पड़ना लाजिमी है, क्योंकि उन्हें वर्षों का अनुभव था और सहयोगी लड़ाकू गुटों के प्रमुखों से उनके रिश्ते थे। लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक, ईरान के सशस्त्र बलों को कमांड करने की श्रृंखला बरकरार है।

**उसी समय ईरान ने जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई थी। और लगभग दो सप्ताह बाद उसने बीते शनिवार को इस्राइल पर हवाई हमला कर दिया, जिसमें सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें शामिल थीं। इन हमलों का लक्ष्य इस्राइल के भीतरी और नियंत्रण वाले क्षेत्र को निशाना बनाना था। ऐसे में ईरान की सैन्य क्षमता का विश्लेषण प्रासंगिक है। इस्राइली अधिकारियों ने कहा है कि ईरान के किसी भी हमले का हम पलटवार करेंगे। ईरान ने जिन मिसाइलों से इस्राइल पर हमला बोला, उनको तो इस्राइल ने कामयाबीपूर्वक झेल लिया। लेकिन, इसमें संदेह नहीं कि ईरान फिर हमला कर सकता है और यह अंततः एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में तब्दील हो सकता है। ऐसी भी आशंका है कि इस संघर्ष में अमेरिका भी शामिल हो जाए, हालांकि वाशिंगटन ने स्पष्ट कहा है कि उसका दमिश्क हमले से कोई लेना-देना नहीं है। विश्लेषकों का कहना है कि ईरान के विरोधी (मुख्यतः अमेरिका और इस्राइल) तेहरान के जटिल सैन्य तंत्र से उलझना नहीं चाहते हैं, इसलिए दशकों से वे ईरान पर सीधे हमला करने से बचते रहे हैं।**

# दुनिया मेरे आगे : अनभिज्ञता से पूर्णता की प्राप्ति करना ही है जीवन की आकांक्षा

हमारे सामने सीखने-समझने के लिए हमेशा कुछ न कुछ मौजूद होता है। जिन तथ्यों की जानकारी हमें आज है, भविष्य में उससे जुड़े ऐसे पक्षों के बारे में सुनेंगे, जिनका आज हम अंदाजा भी नहीं लगा सकते। अनभिज्ञता के साथ पूर्णता प्राप्त करने की यही आकांक्षा जीवन को इतना रोचक और गतिमान बना देती है। जिज्ञासाओं की एक असीम राह सफल जीवन के लक्ष्य और ज्ञान के प्रति सदैव उत्सुक बनाए रखती है। ज्ञान जहां हमें वैचारिक रूप से मजबूत बनाता है, वहीं इससे उपजा दंभ हमें शून्यता की ओर अग्रसर कर देता है। ज्ञान को जब हम अपने जीवन में आत्मसात करते हैं, उसका उद्देश्य व्यापक रखते हैं, तब हम सम्मानीय हो जाते हैं। यही ज्ञान जब सिर चढ़कर अहंकार में बदलने लगे तो हमें थोड़ा सचेत हो जाना चाहिए। विद्वान शब्द सुनते ही व्यक्ति की एक अलग ही छवि मन में अंकित होने लगती है। किसी ताल या तलैया में ज्ञान का शांत जल ठहरा हुआ हो, जिज्ञासा की कंकरी डालते ही उसमें विचारों की लहरें सौंदर्य पैदा करने लगती हैं। जैसे कोई गहन चिंतन-मनन के साथ धैर्यपूर्वक अपनी बात रख रहा हो। विद्वान केवल विषय विशेष में सीमित न होकर जीवन के ऐसे पुस्तकालय की तरह होता है, जिसकी विविधतापूर्ण क्षमता से हम चकित हो जाते हैं, जिसके भीतर पूर्वाग्रह, मान, अभिमान से परे विनम्रता और लगातार सीखने, समझने और सुनने का धैर्य मौजूद होता है। ज्ञानी व्यक्ति के साथ केवल एकतरफा संवाद नहीं होता, वहां सुनने और समझने का धैर्य मौजूद होने से सार्थक बातचीत का अवसर उपलब्ध होता है। किसी सुलझे हुए व्यक्ति से मिलकर हम खुद को भी अलग दृष्टिकोण से देखने लगते हैं। निराशा और कमियों से परे हमारे भीतर की क्षमता और संभावनाएं भी नजर आने लगती है। जिसकी उपस्थिति और आचरण से परेशानियों के बादल छटने लगें, शिथिल मन मजबूत होने लगे, वह सम्मान के योग्य निश्चित ही है। वही सच्चा विद्वान, ज्ञानी या महापुरुष कहलाने योग्य है। ऐसे व्यक्ति विनम्रतापूर्वक अक्सर आग्रह करते हुए नजर आते हैं कि उनके साथ किसी तरह का विशेष व्यवहार न किया जाए। अपनी गलती को स्वीकार करना और अपने कहे और किए हुए कामों को बिना हिचक संशोधित कर लेना। यह भी विद्वान व्यक्ति के कई गुणों में से एक गुण होता है। हमारे समय में ऐसी कई महान विभूतियां रही हैं, जो लगातार अपनी किताबों, विचारों के जरिए हमसे आग्रह करते हुए नजर आती हैं कि उनका लिखे, किए पर आंख बंद करके विश्वास न करें। उसे परखें, समझें और सही लगे तभी आत्मसात करें। ऐसी व्यापक और खुली सोच के जरिए स्वस्थ और नए विचारों को गति मिलती है। संकीर्ण विचारों को विचार-विमर्श के जरिए समाप्त किया जा सकता है। इससे हमारा समाज परिष्कृत होता चला जाता है।

सच्चा विद्वान ऐसी उपजाऊ जमीन तैयार करता है, जिसमें गुणवान लोगों के पल्लवित होने की असीमित संभावनाएं निहित होती हैं। हम एक ऐसे समय में जी रहे हैं, जब हमारे पास ज्ञान प्राप्त करने और उसका प्रसार करने के कई जरिया मौजूद हैं। यह सच है कि हम लगातार सीख रहे हैं, विशेषज्ञ बन रहे हैं और बेबाक, धाराप्रवाह अपने आप को अभिव्यक्त कर रहें हैं। अपने ज्ञान को दूसरों की मदद के लिए प्रस्तुत करना तर्कसंगत है, पर अगर हम यह केवल खुद को महत्त्वपूर्ण साबित करने के लिए कर रहे हैं और उस घमंड में खुद को डुबो रहे हैं तो बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं।

हर नया ज्ञान और विशेषज्ञता की एक समाप्ति तिथि अवश्य होती है, जिसके बाद कोई न कोई नया तथ्य और महत्त्वपूर्ण विषय उसे प्रतिस्थापित कर देता है। ज्ञान निरंतर अपने को अद्यतन करता रहता है। यही विकास क्रम है। तात्कालिक तौर पर हमें यह समझना होगा कि उपलब्ध ज्ञान या किसी बात को याद कर लेने या उसे सीख लेने से बेहतर होगा कि हम यह जानें कि सीखे हुए का किस तरह और किस उद्देश्य से उपयोग कर रहे हैं। यह भी समझना जरूरी है कि जब हम अपने आप को सर्वज्ञाता मानने लगते हैं, हम अपने ही विकास का रास्ता बंद कर रहे होते हैं। इसे एक तरह से आत्मघात ही कहा जाएगा। संभव है कि आत्मप्रशंसा में लिप्त ज्ञानियों की हरकतों ने ही मूर्ख शब्द को प्रचलित किया होगा। विद्वान की विवेकशीलता किसी की अनभिज्ञता को मूर्खता नहीं कह सकती। सब कुछ जान लेने का भ्रम पाल लेना जरूर एक तरह की भूल कही जा सकती है।

हर चीज जान और सीख लेना किसी भी व्यक्ति के सामर्थ्य में कभी नहीं रहा। 'यह मुझे नहीं आता' यह एक स्वाभाविक वाक्य है। इसमें किसी तरह की हीनभावना या शर्म गैरजरूरी है। ज्ञानी दिखने की होड़ में बिना विचारे की गई प्रतिक्रिया से बेहतर है किसी भी विषय को थोड़ा समय देकर ठीक तरह से उसका अध्ययन कर अपनी बात रखना, जो हमारी विवेकशीलता दर्शाता है। दूसरों द्वारा अनजाने में हुई छोटी-बड़ी त्रुटियों का मखौल बनाना भी एक छोटी समझ है। गलतियां होना, सीखने-समझने की प्रवृत्ति और असफलता का होना दरअसल, जीवंतता का प्रमाण है। यह हमारी सफलता व प्रगति भी सुनिश्चित करता है।

दुनिया में ऐसी कई चीजें हैं जो हमारी समझ और दृष्टि से अभी भी ओझल हैं। बीता कल जी चुके, इसका मतलब यह नहीं है कि आज को हम पूरी तरह जानते हैं। आज बिल्कुल नया है, जो हमें बदल देने की क्षमता रखता है। ज्ञानी बनकर वाहवाही बटोरने की जगह हमारी कोशिश होनी चाहिए कि सच्चे विद्वान व्यक्ति की तरह विनम्रता खुद में ला सकें। सर्वज्ञाता बनकर खुद को महत्त्वपूर्ण मान लेने की जगह उत्सुक मुसाफिर की तरह इस दुनिया मे रहें।

# आर्थिक विकासः गांवों से मिल रही अर्थव्यवस्था को नई दिशा

इन दिनों भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने का नया परिदृश्य उभरता दिखाई दे रहा है। 10 अप्रैल को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए जीडीपी में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के संकेत दिख रहे हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने भी कहा है कि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद है, जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। गौरतलब है कि भारत के गांवों में न केवल कृषि संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, बल्कि फ्रिज, दो पहिया वाहन और टीवी की खरीदारी उच्च स्तर पर है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। विश्व में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर, भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि का प्रमुख उत्पादक माना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले दस वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। कृषि बजट में दस वर्षों में पांच गुना वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब तीन लाख करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है। कृषि ऋण समितियों, किसान समूहों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), कृषि-उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग लगाने के लिए सरकार की क्रेडिट गारंटी और ब्याज में रियायत कृषि में ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने जैसे जो रणनीतिक प्रयास किए हैं, उनसे भी काफी किसान लाभान्वित हुए हैं। देश में प्राकृतिक यानी जैविक खेती को विशेष प्राथमिकता दिए जाने से प्राकृतिक खेती ग्रामीण भारत के विकास का एक और नया माध्यम बनते हुए दिखाई दे रही है। जहां कोविड-19 की आपदा से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं दुनिया भर में भारत अपने कृषि उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ा रहा है। इसके अलावा, विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 फीसदी से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। यह भी उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी, 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। हम उम्मीद कर सकते हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे किसानों व ग्रामीण भारत के चेहरे पर मुस्कराहट बढ़ती दिखाई दे सकेगी।

**इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने भी कहा है कि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद है, जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। गौरतलब है कि भारत के गांवों में न केवल कृषि संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, बल्कि फ्रिज, दो पहिया वाहन और टीवी की खरीदारी उच्च स्तर पर है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है।**

# भारत में पर्यावरण क्यों नहीं बनता चुनावी मुद्दा?

एक बार अटल बिहारी वाजपेयी ने मजाक में एक सवाल पूछा था कि ये आम चुनाव हमेशा गर्मी के महीने में ही क्यों होते हैं? हालांकि वो मजाक में ही यह पूछ रहे थे लेकिन उनके ऐसा पूछने के पीछे के गहरे निहितार्थ थे। स्वतंत्र भारत का पहला आमचुनाव गर्मियों में नहीं सर्दियों में हुआ था। अक्टूबर 1951 से फरवरी 1952 के बीच। उसके बाद से अधिकांश चुनाव फरवरी के आसपास होते रहे लेकिन जब मध्यावधि चुनाव होने लगे तो सिलसिला गड़बड़ा गया। वर्ष 2004 के बाद से लोक सभा के चुनाव अप्रेल और मई के गर्म महीनों में ही हो रहे हैं। सरकारें भी पूरे पांच साल काम कर पा रही हैं इसलिए 2004 से लेकर अब तक हर पांच साल बाद गर्मियों का सीजन चुनाव का सीजन बन जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी ने इस सीजन पर सवाल उठाया तो संभवत~ गर्मी के कारण चुनाव प्रचार और मतदान में होनेवाली परेशानी को देखते हुए उठाया होगा। चिलचिलाती गर्मी में लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव सबको भारी पड़ता है। हालांकि 2004 के बाद से मतदान बढ़ता जा रहा है जब चुनावी महीनों में तापमान भी ऊंचा होता है। लेकिन यह पता लगाने की जरूरत है कि क्या गर्मी बढ़ने से वोटिंग पर भी नकारात्मक असर पड़ता है? बहरहाल जब अटल बिहारी वाजपेयी सवाल कर रहे थे तब गर्मी का ऐसा सितम नहीं था जैसा अब बढ़ता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण अब धरती का तामपान बढ़ रहा है और साल दर प्रकृति के मन मिजाज में गर्मी आ रही है। इस साल तो वैसे भी अल नीनो का असर है इसलिए सर्दियों ने जहां सितम किया वहीं गर्मी भी अप्रैल के पहले पखवाड़े में ही 40 डिग्री तक पहुंच गयी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस साल गर्मी %रिकार्ड% कायम करेगी। मार्च के महीने में ही वैश्विक स्तर पर औसत गर्मी में 1.68 डिग्री सेल्सियस की बढ़त दर्ज की जा चुकी है। अंतरराष्ट्रीय एजंसियों का कहना है कि यह पहली बार हो रहा है कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार 1 डिग्री सेल्सियस से अधिक की बढ़त दर्ज गयी है। धरती का यह बढ़ता तापमान जलवायु परिवर्तन का असर है जिसके कारण पूरी धरती के अस्तित्व पर ही संकट के बादल मंडरा रहे हैं। जल, जीवन सब पर इसका नकारात्मक असर हो रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण न सिर्फ खेती किसानी को नुकसान हो रहा है बल्कि सामान्य व्यक्ति के लिए जीवन जीने में तरह तरह का संकट पैदा हो रहा है। जलवायु परिवर्तन के खतरे बहुत हैं लेकिन न तो यह आम आदमी के लिए कोई मुद्दा है और न ही सरकारों या कारोबारियों के लिए चिंता का विषय। जिस %विकास% के कारण मानव जीवन, प्रकृति, पर्यावरण और समूचे जीव जगत पर यह संकट मंडराया है उसे सीमित करने या उसको पर्यावरण अनुकूल बनाने के प्रयास सिर्फ रस्म अदायगी भर हैं। वैश्विक स्तर पर कुछ एनजीओ हैं जो पर्यावरण को रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हैं। वो भी इसलिए क्योंकि इस चिंता को व्यक्त करने के लिए उन्हें पैसा मिलता है। यह पैसा उन्हें वो लोग देते हैं जो उस बिजनेस लॉबी के विरोध में अपना नया %ग्रीन बिजनेस% खड़ा करना चाहते हैं जिसके कारण पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। ऐसे में एनजीओ द्वारा व्यक्त की जानेवाली चिंताओं या प्रयासों का कोई खास असर समाज पर होता नहीं। लोगों को यही लगता है कि यह तो एनजीओ का धंधा है, और वो अपना धंधा कर रहे हैं। फिर सवाल आता है सरकारों का कि वो इस पर्यावरणीय बदलाव को रोकने के लिए क्या प्रयास कर रही हैं। यहां से यह मुद्दा राजनीतिक रूप लेता जरूर है लेकिन भारत जैसे देश में सिर्फ सरकार के स्तर पर ही इसकी चर्चा होती है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में यहां के सरकारी प्रतिनिधि जाते हैं और अपनी बात कहकर वापस आ जाते हैं। मसलन अभी पिछले साल दिसंबर में प्रधानमंत्री मोदी कॉप 28 में शामिल होने यूएई गये थे। वहां उन्होंने कहा कि अपने हेल्थ कार्ड की तरह प्रकृति के हेल्थ कार्ड के बारे में भी सोचने का समय आ गया है। वादे और दावे चाहे जितने बड़े बड़े किये जाएं लेकिन सच्चाई यह है कि ऐसे देशी विदेशी सम्मेलनों से जनता को कोई खास मतलब होता नहीं है। वह सिर्फ भुक्तभोगी होती है। जिन वैश्विक नीतियों के कारण पर्यावरण के सामने संकट पैदा हुआ है न तो उसको निर्धारित करने में उसकी कोई भूमिका होती है और न ही उसे यह महसूस होता है कि इन नीतियों के कारण उसका जीवन किस प्रकार प्रभावित हो रहा है। भारत और चीन जैसे देश में जहां आर्थिक विकास ही इस समय इकलौता विकास बन गया है वहां अधिक से अधिक औद्योगिक माल खरीदकर संपन्न होने का दिखावा करना ज्यादा महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसलिए नेता वैश्विक मंचों से पर्यावरण बचाने की चाहे जो आवाज दें लेकिन जब देश में आते हैं और चुनाव में जाते हैं तो उसी औद्योगिक आर्थिक विकास का वादा करते हैं जिसके कारण पर्यावरण और हर जीव के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हुआ है। इसलिए चुनाव में नेता भी नहीं चाहते कि पर्यावरण या प्रदूषण कोई मुद्दा बने।

**वर्ष 2004 के बाद से लोक सभा के चुनाव अप्रेल और मई के गर्म महीनों में ही हो रहे हैं। सरकारें भी पूरे पांच साल काम कर पा रही हैं इसलिए 2004 से लेकर अब तक हर पांच साल बाद गर्मियों का सीजन चुनाव का सीजन बन जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी ने इस सीजन पर सवाल उठाया तो संभवतः गर्मी के कारण चुनाव प्रचार और मतदान में होनेवाली परेशानी को देखते हुए उठाया होगा। चिलचिलाती गर्मी में लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव सबको भारी पड़ता है। हालांकि 2004 के बाद से मतदान बढ़ता जा रहा है जब चुनावी महीनों में तापमान भी ऊंचा होता है। लेकिन यह पता लगाने की जरूरत है कि क्या गर्मी बढ़ने से वोटिंग पर भी नकारात्मक असर पड़ता है?**



# हार्दिक पंड्या ने धोनी की तारीफ की, बोले- धोनी विकेट के पीछे से बताते रहते क्या करना है

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या ने रविवार को मैच के बाद चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ की। रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 29वें मैच में सीएसके ने एमआई को 20 रन से हरा दिया।

पंड्या ने चेन्नई खिलाफ मैच में मिली हार के बाद कहा, %ये ऐसा टारगेट था जिसे हमें जरूर हासिल करना चाहिए था, लेकिन उन्होंने काफी अच्छी गेंदबाजी की, जिसमें मथीश पथिराना ने सबसे बड़ा अंतर पैदा किया। ष्टस्य अपने प्लान और उसे मैच के दौरान कैसे प्रयोग करना है उसमें काफी बेहतर दिखाई दी। उनके पास विकेट के पीछे एक ऐसा व्यक्ति मौजूद है जो लगातार ये बताता रहता है कि इस विकेट पर क्या करना चाहिए जो सही रहेगा और इससे गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है।

उन्होंने आगे कहा, इस पिच पर गेंद थोड़ा रुक कर आ रही थी। हमें



अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। हमने टारगेट का पीछा करते हुए शुरुआत काफी बेहतर की थी जब तक पथिराना गेंदबाजी पर नहीं आए थे। उन्होंने आते ही हमें 2 विकेट ले लिए।

**धोनी ने आखिरी ओवर में लगातार तीन छक्के लगाए**

धोनी चेन्नई की पारी के 20वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए आए थे। उन्हें आखिरी चार गेंदें खेलीं और हार्दिक पंड्या के ओवर में 20 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान अपनी पहली तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगाए। इसके बाद चौथी गेंद पर दो रन लिए। इससे चेन्नई का स्कोर 206 रन तक पहुंच सका। ष्टस्य के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने मैच के बाद कहा, उस युवा विकेटकीपर (धोनी) के तीन छक्कों ने हमारी काफी मदद की। वही तीन छक्के अंत में जीत-हार का अंतर बने। इस तरह की पिच के लिए हमें उन अतिरिक्त 10-15 रन की जरूरत थी। जसप्रीत बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की।

**चेन्नई ने मुंबई को हराया**

इंडियन प्रीमियर लीग के एल-क्लासिको को चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 रन से जीत लिया। टीम ने मुंबई इंडियंस को उन्हीं के होमग्राउंड पर हराया। स्ढ्ढ से पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने शतक लगाया लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। रोहित ने 63 बॉल पर नॉटआउट 105 रन बनाए।

वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाए। मुंबई 6 विकेट के नुकसान पर 186 रन ही बना सकी। सीएसके से मथीश पथिराना ने 4 अहम विकेट लिए, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। एमएस धोनी ने भी आखिरी 4 गेंदों पर 3 छक्के लगाकर नॉटआउट 20 रन बनाए। उनके अलावा ऋतुराज गायकवाड ने 69 और शिवम दुबे ने नाबाद 66 रन की पारी खेली।

## पलक ने शूटिंग में जीता 20वां ओलिंपिक कोटा



नई दिल्ली। भारतीय शूटर पलक गुलिया ने रविवार को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में ढ्ढस्स्स्न फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में भारत के लिए 20वां पेरिस ओलिंपिक कोटा हासिल किया। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल भी जीता। 18 साल की पलक ने 217.6 का स्कोर किया। वहीं आर्मेनिया की एल्मिरा करापेटियन ने 240.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जबकि थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा ने 240.5 के साथ सिल्वर मेडल जीता। वहीं भारतीय शूटर सान्याम 176.7 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। फाइनल में पलक की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वहीं थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा और हंगरी की मेजर वेरोनिका ने ओलिंपिक कोटा के लिए हो रही प्रतियोगिता में शुरुआत में ही अच्छी बढ़त बना ली। हालांकि, दबाव के बाद भी पलक ने वापसी करते हुए एलिमिनेशन स्टेज के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। वेरोनिका को पांचवें राउंड में हार का सामना करना पड़ा और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा। वहीं पहले स्थान पर रही एल्मिरा करापेटियन पहले ही ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुकी थी, ऐसे में सिल्वर जीतने वाली साएंचा और ब्रॉन्ज जीतने वाली पलक को ओलिंपिक कोटा मिल गया।

**पलक एशियन गेम्स में जीत चुकी हैं मेडल**

पलक गुलिया ने पिछले साल हुए एशियन गेम्स में 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड मेडल जीता था। जबकि भारत की ईशा सिंह ने सिल्वर मेडल जीता था।

## क्रिस गेल से लेकर रोहित शर्मा तक, इन बैटर्स ने टी20 क्रिकेट में जड़े सबसे ज्यादा छक्के

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के मैदान पर बल्लेबाजों को लंबे-लंबे छक्के जड़ते हुए देखने के लिए फैंस काफी बेताब रहते हैं। बिना चौके-छक्कों के क्रिकेट के खेल में कोई मजा नहीं। इस वक्त आईपीएल 2024 का जादू फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है।

हाल ही में मुंबई इंडियंस के बैटर रोहित शर्मा ने वानखेड़े में सीएसके के खिलाफ खेले गए मैच में छक्कों को लेकर ही एक बड़ा मुकाम हासिल किया। रोहित शर्मा टी20 क्रिकेट में 500 छक्के जड़ने वाले पहले भारतीय बैटर बन गए हैं। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं रोहित शर्मा के अलावा टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने वाले बैटर्स की लिस्ट।

**क्रिस गेल (वेस्टइंडीज)**

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के ओपनर क्रिस गेल का नाम लिस्ट में सबसे टॉप



पर हैं। क्रिस गेल ने टी20 क्रिकेट में 463 मैचों में कुल 1056 छक्के जड़े हैं।

**किरोन पोलार्ड (वेस्टइंडीज)**

क्रिस गेल के साथी खिलाड़ी किरोन पोलार्ड का नाम लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। पोलार्ड के नाम टी20 क्रिकेट में 660 मैचों में 860 छक्के जड़ने का रिकॉर्ड हैं।

**आंद्रे रसेल (वेस्टइंडीज)**

तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल का नाम हैं, जो मौजूदा आईपीएल सीजन में केकेआर टीम का हिस्सा है। रसेल ने 487 मैचों में 678 छक्के जड़ दिए हैं।

**कॉलिन मुनरो (न्यूजीलैंड)**

चौथे नंबर पर न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कॉलिन मुनरो का नाम हैं, जिन्होंने टी20 क्रिकेट करियर में कुल 428 मैचों में 548 छक्के जड़े हैं।

**रोहित शर्मा (भारत)**

लिस्ट में रोहित शर्मा का नाम पांचवें नंबर पर हैं, जिन्होंने अपने टी20 क्रिकेट करियर में कुल 432 मैच खेलते हुए 502 छक्के जड़े हैं। सीएसके के खिलाफ हिटमैन ने रविवार को खेले गए मैच में 500 छक्के जड़ने का आंकड़ा पूरा किया।

## आईपीएल में कमेंटेटर्स-खिलाड़ियों से परेशान बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन अपने रोमांचक मुकाबलों के साथ आगे बढ़ रहा है. रविवार (14 अप्रैल) तक आईपीएल में 29 मैच हो चुके हैं. इस टूर्नामेंट के दौरान आईपीएल टीमें, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं. वो लगातार सोशल मीडिया पर मैच के दौरान के फोटो और वीडियो शेयर करते रहते हैं। बस यही बात भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और ब्रॉडकास्टर्स को पंसद नहीं आ रही है. दरअसल, आईपीएल टीमों, खिलाड़ियों और कमेंटेटर्स का फोटो-वीडियो शेयर करना नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। इससे सबसे ज्यादा दिक्कत ब्रॉडकास्ट राइट्स होल्डर्स को ही हो रही है, क्योंकि अगर कोई भी ऐसा करता है तो ये नियम के खिलाफ है और इससे ब्रॉडकास्टर्स का नुकसान भी होता है. इसी के चलते बीसीसीआई ने एक ऐसा फरमान जारी किया है। दरअसल, हाल ही में भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज ने कमेंट्री के दौरान एक फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर की थी. इस कमेंटेटर के 1 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं. कुछ समय बाद ही बीसीसीआई के एक स्टाफ मेंबर ने उस फोटो को डिलीट करने का आदेश दे दिया. मगर कमेंटेटर ने ऐसा करने से मना कर दिया. नियमों का हवाला देकर स्टाफ मेंबर ने बार-बार कमेंटेटर को फोटो डिलीट करने के लिए कहा. इसके बाद कहीं जाकर फोटो डिलीट किया गया. बता दें कि स्टार इंडिया और वायकॉम 18 के पास डिजिटल राइट्स हैं. ऐसे में सबकुछ इन्हीं का है. इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, बीसीसीआई ने सभी को ये आदेश दे दिया है कि अगर कोई भी ये नियम तोड़ेगा तो उसे इसकी भरपाई करनी पड़ेगी. यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो 9 लाख रुपये तक का जुर्माना भी लग सकता है।

## पेरिस ओलिंपिक्स में ट्रैक का कलर पर्पल होगा, टोक्यो में लाल था

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलिंपिक में ट्रैक इस बार बैंगनी कलर का होगा। सामान्य रूप से ट्रैक लाल कलर में होता है। टोक्यो में हुए ओलिंपिक गेम्स में ट्रैक लाल कलर का था। पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज और पूर्व ओलिंपियन एलेन ब्लोंडेल ने कहा है कि ट्रैक का रंग बैंगनी देने की वजह यह है कि बैंगनी कलर पेरिस ओलिंपिक खेल के रंगों में से एक है। हाल ही ओलिंपिक एसोसिएशन ने पेरिस ओलिंपिक खेल के लिए तीन रंगो को चयनित किया था। जिसमें गुलाबी, नीला और बैंगनी कलर शामिल थे।

**इटली में तैयार किया गया है ट्रैक का मटेरियल**

पेरिस ओलिपिंक के एथलेटिक्स ट्रैक के मटेरियल को इटली में तैयार किया गया है। 1976 के बाद से ओलिंपिक के लिए ट्रैक तैयार करने वाली कंपनी मोंडो का मानना है कि ट्रैक पहले से ज्यादा बेहतर होंगे। इससे खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी।



**टोक्यो ओलिंपिक में बने थे तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड**

टोक्यो ओलिंपिक में एथलेटिक्स में तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड और 10 ओलिंपिक रिकॉर्ड बने थे। पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज एलेन ब्लोंडेल ने कहा कि पेरिस में टोक्यो से ज्यादा रिकॉर्ड बनेंगे।

**पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से होगा शुरू**

पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। भारत को टोक्यो में पहली बार एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल मिला था। नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में भारत के लिए ओलिंपिक में ट्रैक एंड फील्ड में पहली बार मेडल जीता था।

**व्यापार**

# थोक महंगाई दर बढ़कर 0.53 प्रतिशत हुई : 3 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली।** भारत की थोक महंगाई मार्च में बढ़कर 0.53 प्रतिशत हो गई है। महंगाई का ये बीते 3 महीने का उच्चतम स्तर है। फरवरी में थोक महंगाई 0.20 प्रतिशत और जनवरी में 0.27 प्रतिशत रही थी। थोक महंगाई में ये तेजी खाने-पीने के सामानों के दाम बढ़ने से आई है। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने सोमवार (15 अप्रैल) को डेटा रिलीज कर इस बात की जानकारी दी। एक साल पहले यानी मार्च 2023 की बात करें तो थोक महंगाई तब 1.34 प्रतिशत रही थी। वहीं अप्रैल 2023 से लेकर अक्टूबर 2023 तक महंगाई निगेटिव जोन में रही थी। अप्रैल में महंगाई -0.92 प्रतिशत तो अक्टूबर में -0.52 प्रतिशत रही थी।

**रिटेल महंगाई में आई थी गिरावट**

इससे पहले मार्च में खुदरा महंगाई दर 10 महीने में सबसे कम रही। खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से खुदरा महंगाई दर में ये गिरावट देखी गई है। नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस की ओर से शुक्रवार (12 अप्रैल)



को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश की खुदरा महंगाई दर मार्च में घटकर 4.85त्न रही, इससे पहले जून में यह दर 4.81त्न रही थी। थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए डबलूपीआई को कंट्रोल कर सकती है।

जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डबलूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल,

प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है। भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल, यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है।

महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। जैसे थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75 प्रतिशत, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 20.02 प्रतिशत और फ्यूल एंड पावर 14.23 प्रतिशत होती है। वहीं, रिटेल महंगाई में फूड और प्रोडक्ट की भागीदारी 45.86 प्रतिशत, हाउसिंग की 10.07 प्रतिशत और फ्यूल सहित अन्य आइटम्स की भी भागीदारी होती है।

## बायजूस इंडिया के सीईओ अर्जुन मोहन ने इस्तीफा दिया, फाउंडर रवींद्रन संभालेंगे जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** बायजूस इंडिया के सीईओ अर्जुन मोहन ने पदभार संभालने के लगभग 7 महीने बाद इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद अब कंपनी ने फाउंडर रवींद्रन बायजू ने डेली ऑपरेशन की जिम्मेदारियां संभालेंगे। वहीं, मोहन बाहरी सलाहकार की भूमिका निभाएंगे। सितंबर 2023 में मृणाल मोहित के जाने के बाद बायजूस ने अर्जुन को इंडिया बिजनेस का सीईओ घोषित किया था।

कंपनी ने बयान जारी कर कहा , %बायजूस के डेली ऑपरेशन को लीड करने के लिए रवींद्रन बायजू ज्यादा प्रो एक्टिव अप्रोच अपनाएंगे। चुनौतीपूर्ण समय के दौरान मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता को पहचानते हुए वह अब कंपनी के दिन-प्रतिदिन के कामकाज में ज्यादा शामिल होंगे और अपनी स्पेशलाइजेशन का लाभ उठाते हुए बायजूस को डेवलपमेंट और इनोवेशन के अगले चरण की ओर ले जाएंगे।

बायजूस अपने बिजनेस को 3 डिवीजन -लर्निंग ऐप, ऑनलाइन



क्लासेस एंड ट्यूशन सेंटर और टेस्ट प्रिपरेशन में रीऑर्गेनाइज करेगी। इनमें से प्रत्येक यूनिट में अलग-अलग लीडर होंगे, जो प्रॉफिटेबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए बिजनेस को स्वतंत्र रूप से चलाएंगे।

यह बदलाव पूर्व सीईओ अर्जुन मोहन के नेतृत्व में 7 महीने की कंप्रिहेंसिव ऑपरेशनल रिव्यू और कॉस्ट-ऑप्टिमाइजेशन प्रैक्टिस के बाद किया गया है। बायूज रवींद्रन ने कहा, यह रीस्ट्रक्चरिंग बायजू 3.0 की शुरुआत का प्रतीक है। यह उभरते बाजार की मोबिलिटी (गतिशीलता),खास तौर पर हाइपर-पर्सनलाइज एजुकेशन के साथ जल्दी से एडॉप्ट करने के लिए तैयार होगा।

बायजू रवीन्द्रन की नेटवर्थ शून्य हो गई है। एक साल पहले यानी 4 अप्रैल 2023 को उनकी नेटवर्थ 2.1 बिलियन डॉलर (तब करीब ?17,545 करोड़) थी। फोर्ब्स की बिलेनियर इंडेक्स 2024 में 4 अप्रैल 2024 को यह जानकारी सामने आई थी। बायजूस को वित्त वर्ष 2022 में 8,245 करोड़ का घाटा हुआ है। वित्त वर्ष 2021 में घाटा 4,564 करोड़ रुपए था। यानी कंपनी का घाटा करीब-करीब दोगुना हो गया है।इस दौरान कंपनी का टोटल रेवेन्यू ?5,298 करोड़ रहा। 2021 में रेवेन्यू 2,428 करोड़ रुपए था। यानी रेवेन्यू में 118त्न का उछाल आया है।

**रवीन्द्रन ने मैथमैटिक्स टीचर के तौर पर की थी करियर की शुरुआत**

बायजू रवीन्द्रन एक मैथमैटिक्स टीचर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की थी। 2011 में उन्होंने बायजूस की स्थापना की, तब यह सबसे तेजी से ग्रोथ करने वाला स्टार्टअप बन गया। कंपनी ने 2022 में इसकी वैल्यूएशन 22 बिलियन डॉलर करीब 1.84 लाख करोड़ रुपए बताई थी। बायजूस प्राइमरी लेवल से लेकर एमबीए तक के स्टूडेंट्स को कोचिंग देती है।

## दीपिका पादुकोण के ब्रांड '82°E' ने की रिलायंस रिटेल के 'टीरा' संग साझेदारी

**मुंबई।** ग्लोबल इंडियन आइकॉन दीपिका पादुकोण के सेल्फ-केयर ब्रांड '82°E' ने सोमवार को रिलायंस रिटेल के ब्यूटी प्लेटफॉर्म 'टीरा' के साथ साझेदारी की घोषणा की। दीपिका का ब्रांड अब टीरा के ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। 82एश्व स्किनकेयर और बॉडी केयर प्रोडक्ट के साथ पुरुषों के लिए भी एक खास रेंज लेकर आया है, जिसमें अश्वगंधा बाउंस, लोटस स्पलैश और हल्दी शील्ड जैसे सबसे



ज्यादा बिकने वाले उत्पाद टीरा पर उपलब्ध होंगे। टीरा ऐप और वेबसाइट से इन्हें खरीदा जा सकता है। शुरूआत में 82°E के प्रोडक्ट मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और पुणे में टीरा ऑफलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे।

रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा एम अंबानी ने कहा कि हम 82एश्व के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। यह साझेदारी टीरा के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाती है और हमें अपने ग्राहकों को प्रीमियम स्कीन केयर प्रोडक्ट्स पहुंचाने में मदद करती है। हमारा लक्ष्य पहली बार ऑफलाइन रिटेल में 82°E उत्पादों को पेश करना है।

फिल्मस्टार और 82°E की सह-संस्थापक, दीपिका पादुकोण ने बताया कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि 82एश्व अब टीरा के ऑनलाइन और स्टोर्स पर उपलब्ध है। स्किन केयर को सरल बनाना और सेल्फ केयर को हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनाना हमारा उद्देश्य है।

## टेस्ला के लिए सेमीकंडक्टर चिप बनाएगी टाटा, कंपनियों के बीच डील

**नई दिल्ली।** अब टेस्ला की सभी कारों के लिए सेमीकंडक्टर चिप टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स बनाएगी। अमेरिकी इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरर टेस्ला ने इसके लिए टाटा के साथ स्ट्रैटेजिक डील साइन किया है। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस डील के तहत टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स टेस्ला के ग्लोबल सप्लाई के लिए चिप मैन्युफैक्चर करेगी। यह डील ऐसे समय में हुई है जब टेस्ला के मालिक एलन मस्क भारत आने वाले हैं। मस्क प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलेंगे। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से बताया कि मस्क 22 से 27 अप्रैल के बीच भारत आ सकते हैं। इस दौरान टेस्ला के मालिक भारत में कार मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने




का ऐलान कर सकते हैं। मस्क ने ङ्ग पोस्ट में लिखा- पीएम मोदी से मुलाकात का इंतजार है। उनकी यह पहली भारत यात्रा होगी। इससे पहले मस्क दो बार पीएम मोदी से मुलाकात कर चुके हैं।

बताया गया कि एलन मस्क भारत में 2-3 बिलियन डॉलर का निवेश करने के प्लान की घोषणा करेंगे। टेस्ला न केवल भारत के लिए कारों की मैन्युफैक्चरिंग करना चाहती है, बल्कि यहां से उन्हें ग्लोबल मार्केट में एक्सपोर्ट भी करना चाहती है।

इसके अलावा मस्क भारत में जल्द ही सैटेलाइट बेस्ड ब्रॉडबैंड सर्विसेज भी शुरू कर सकते हैं।

एक महीने पहले भारत सरकार ने ईवी पॉलिसी में बदलाव किया था। नई पॉलिसी के अनुसार, कुछ मॉडल्स के इंपोर्ट पर इंपोर्ट ड्यूटी 100 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया था। इसके लिए निवेशकों को कम से कम 50 मिलियन डॉलर (करीब ?4,172 करोड़) निवेश करना होगा। सरकार के इस नई पॉलिसी से लंबे समय से भारत में आने का रास्ता तलाश रही अमेरिकी बिजनेसमैन एलन मस्क की ईवी कंपनी टेस्ला के लिए भारत में एंट्री आसान हो गई।

# मतदान दलों का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

## जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया

**इन्दौर।** इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की व्यापक तैयारियां जारी हैं। जिले में सुव्यवस्थित रूप से मतदान कराने के लिए मतदान दलों के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई हैं। जिले में मतदान दलों में नियुक्त किये जाने वाले पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारी क्रमांक-1 का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से प्रारंभ हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण की विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी तथा इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन आज होल्कर सांइस कॉलेज में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान दलों में नियुक्त किये जाने वाले 2 हजार 180 अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 16, 18, 19 अप्रैल तक आयोजित होगा। इस तरह 4 दिनों में लगभग 9 हजार अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

कलेक्टर आशीष सिंह आज होल्कर साइंस कॉलेज पहुंचे। उन्होंने मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में पहुंचकर प्रशिक्षण व्यवस्था को देखा।



उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों को गहनता के साथ प्रशिक्षण दिया जाये। उन्हें हर बारिकी से अवगत कराया जाये। निर्वाचन आयोग के नियम और निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी जाये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक अधिकारी तथा इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 दिनों तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम 34 कमरों में आयोजित हो रहा हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक चल रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 81 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी सुदीप मीणा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग के नियम और निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया जा रहा हैं। सभी अधिकारी/कर्मचारियों को उनके अधिकार, कर्तव्य, निर्वाचन आयोग के नियम और निर्देशों तथा निर्वाचन संबंधी अन्य प्रावधानों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने निर्देश दिये है कि मतदान दलों में नियुक्त पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक-1 प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। निर्वाचन कार्य में लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। बताया गया कि प्रशिक्षण के दूसरे चरण में मतदान अधिकारी क्रमांक 1 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 2 को प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 एवं 23 अप्रैल को होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान कर्मियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, वीवीपेट, मतदान की प्रक्रिया, मतदान के संबंध में बने नियम-कानून, मतदान के संबंध में जारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों, पीठासीन अधिकारी के अधिकार एवं कर्तव्य आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।

### चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है।

राजन ने कहा है कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित, प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग, प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि रैली आयोजन के लिए किराये, भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई किसी रैली, प्रदर्शित फोटो, मंच साझा करने आदि पर किये गये सभी व्यय भी अभ्यर्थी के चुनाव प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

# बार-बार यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों के होंगे लायसेंस निरस्त

## छतों/पेंट हाउस में संचालित रेस्टोरेंट/बार आदि में भी अग्नि सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराये जायेंगे



कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**इन्दौर।** इंदौर में बार-बार यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों के लायसेंस निरस्त किये जायेगें। साथ ही छतों/ पेन्ट हाऊस में संचालित रेस्टोरेंट/बार आदि में भी अग्नि सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराये जायेंगे। इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है।

कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में टीएल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर गौरव बेनल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, रोशन राय, राजेन्द्र रघुवंशी तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि वे ऐसे वाहन चालकों की सूची तैयार करें जिनके द्वारा बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। ऐसे वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये ड्रायविंग लाइसेंस निरस्त किये जाये। निरस्ती के बाद लायसेंस परिवहन कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करा लिया जाये। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि छतों/पेंट हाऊस में संचालित रेस्टोरेंट/बार आदि में भी अग्नि सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराये जायें। इसके लिए अधिकारी निरीक्षण कर सभी इंतजाम सुनिश्चित कराये। पूर्व में किये गये निरीक्षण के दौरान ऐसे संस्थान जिन्होंने अभी तक अग्नि सुरक्षा प्रबंध नहीं किये है, उनके संस्थान को सील करने की कार्यवाही की जाये। बैठक में उन्होंने पूर्व में सर्वेक्षित शहरी तालाबों और शासकीय मंदिरों की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्यवाही की जाये।

# भोपाल संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन प्राप्ति के दूसरे दिन 03 अभ्यर्थियों ने जमा किये नाम निर्देशन पत्र

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा निर्वाचन-2024 कार्यक्रम अनुसार तृतीय चरण में संसदीय क्षेत्र-19 भोपाल के निर्वाचन के लिए 12 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी हो गई है। कलेक्ट्रेट कार्यालय, भोपाल में न्यायालय कलेक्टर कक्ष में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नाम निर्देशन प्राप्ति के दूसरे दिन 15 अप्रैल को कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के समक्ष तीन अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया।

नाम निर्देशन पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थी का शपथ पत्र प्रारूप-26 का प्रदर्शन जनसामान्य के अवलोकन के लिए भोपाल संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल तथा भोपाल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सभी 7 विधानसभा सेगमेंट के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यालय के सूचना पटल पर किया गया है। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों के शपथ - पत्र भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ÂÚU भी देखे जा सकते हैं।

संसदीय क्षेत्र 19-भोपाल के निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र 12 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 तक प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक प्राप्त किए जा रहे हैं। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 03 बजे तक है तथा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल 2024 को की जाएगी। अभ्यर्थिता वापिस लेने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के निर्वाचन के लिए मतदान 07 मई 2024 को होगा तथा मतगणना 04 जून 2024 को की जाएगी।

# आबकारी विभाग द्वारा सवा 11 लाख रूपये से अधिक कीमत की अवैध मदिरा और वाहन जप्त

**इन्दौर।** इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मदिरा के अवैध क्रय-विक्रय, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिये कलेक्टर आशीष सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दलों द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के निर्देशन में प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी रामचरण डावर के नेतृत्व में गस्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की पिकअप इंदौर से राऊ होकर धार की तरफ शराब भरकर निकल रही है। आबकारी वृत्त महू अ उपनिरीक्षक अमर सिंह बघेल मय स्टाफ एवं वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराकर अविलंब सूचक द्वारा बताए पते पर उचित स्थान देखकर नाकेबंदी की गई। वाहन का पीछा कर वाहन को राऊ इंदौर एबी रोड पर पिपलिया मल्हार में ओवरटेक करके रोका गया। वाहन चालक वाहन को रोक कर वाहन से उतर कर भागा जिसे स्टाफ ने पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। आबकारी बल द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें बोल्ट बियर कैन की 115 पेटिया पाई गई। वाहन व मदिरा को कब्जे आबकारी लिया गया। फरार आरोपी की तलाश जारी है।वाहन व मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य रूपये 11 लाख 31 हजार 200 रूपये है। अवैध मदिरा का संग्रहण एवं परिवहन होने से मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2) का प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया है । आबकारी विभाग की अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाही निरंतर जारी रहेगी।



### खुले बोरवेल को बंद करने का काम गंभीरता से करें कलेक्टर

**इन्दौर।** संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा है कि सभी ज़िलों में खुले बोरवेल को बंद करने का काम गंभीरता से किया जाए। कलेक्टर इसके लिए योजना बनाकर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें। संभागायुक्त ने आज गूगल मीट के ज़रिए संभाग के सभी जिला कलेक्टरों से इस संबंध में चर्चा की। बैठक में ग्रीष्मकाल में सतत् पेयजल आपूर्ति के संदर्भ में भी चर्चा की गई। इस बैठक में कलेक्टर धार प्रियंक मिश्रा ने बताया की धार ज़िले में शासकीय तंत्र के द्वारा खुले बोरवेल के संबंध में जानकारी एकत्र की गई है। तथापि यह पहल की जा रही है कि ज़िले में जहाँ कहीं भी खुले में बोरवेल होने की सूचना किसी नागरिक द्वारा दी जाएगी तो उसे पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# पार्टी के राजदूत बनकर घर-घर संपर्क करें कार्यकर्ता: लोकेन्द्र पाराशर






-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भिण्ड।** भारतीय जनतापार्टी यह प्रदेश मंत्री एवं भिण्ड दतिया लोकसभा चुनाव प्रभारी लोकेंद्र पाराशर ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यकर्ता ही पार्टी के राजदूत हैं। अब समय आ गया है जब उन्हें घर-घर जाकर जनता से संपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील करना चाहिए।

यह बात भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं भिण्ड दतिया लोकसभा के प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर ने कही। श्री पाराशर चुनाव कार्यालय में आयोजित सभी मोर्चो के संयुक्त सम्मलेन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश में आ रहे बदलाव को महसूस करिये। 2014 के भारत और 2024 के भारत में बहुत बड़ा अंतर आपको दिखाई देगा। आज देश में कहीं आतंकवादी हमले नहीं होते हैं। पिछले 10 साल में देश में कहीं कोई दंगा नहीं हुआ। आज देश विरोधी ताकतें विचलित हैं। आज देश में 4 करोड़ आवास, 5 लाख तक निःशुल्क उपचार कि सुविधा, 10 करोड़ से अधिक उज्जवला गैस कनेक्शन देकर गरीबों के जीवन में व्यापक बदलाव आया है। आज देश कि जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से धारा 370 हटाकर सामान्य नागरिकता को आगे बढ़ने का काम किया और जिस कश्मीर के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान हुआ और आज सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम हमारे केंद्र सरकार ने किया है।

हमारे केन्द्र का नेतृत्व प्रतिबद्ध है। यह बात उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सांसद श्रीमती संध्या राय के भाजपा चुनाव कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय संयुक्त मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने की। संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए चुनाव प्रभारी पाराशर ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव नरेंद्र मोदी को ताकत देने वाला चुनाव है।

### -भाजपा संयुक्त मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता चुनाव में अपनी अहम भूमिका निभाएं

**- भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में भारत उत्साह**



भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ताओं लोकसभा चुनाव में बहुत बड़ी भूमिका है सभी कार्यकर्ता अपने-अपने भूतों पर जिम्मेदारी का निर्भर करते हुए चुनाव अभियान में लग जाए और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थी हितग्राहियों के घर-घर पहुंचकर संपर्क करें और उनसे नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनने के लिए पार्टी प्रत्याशी बहन संध्या राय को विजयश्री दिलाने के लिए समर्थन मांगे। उन्होंने कहा कि केंद्र राज्य सरकार ने युवाओं महिलाओं और किसान, अल्पसंख्यक समाज अनुसूचित जाति समाज अनुसूचित जनजाति समाज एवं पिछड़ा वर्ग के लिए अनेकों योजनाएं बनाई है इन लोगों को जिसका लाभ मिला है हमारी जिम्मेदारी है कि हम हर व्यक्ति तक ना मतदाताओं तक पहुंच कर चुनाव में बड़ी ताकत के साथ लगा है।

लोकसभा चुनाव संयोजक अवधेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट ने कहा कि कार्यकर्ता चुनाव लड़ता है और पार्टी को विजयश्री दिलाने में अहम भूमिका होती है बुथ सशक्तिकरण अभियान में कार्यकर्ता ने अपनी पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रबंधन को मजबूत बनाया है उन्होंने कहा आज नरेंद्र मोदी को रोकने के लिए राष्टीय विरोधियों द्वारा जो गठबंधन बनाकर रोकने का प्रयास कर रहे हैं हमें पूरी ताकत के साथ अपने-अपने बूथ पर कमर कसकर ऐसे राष्ट्र विरोधियों को जवाब देना है। हम सब कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर संयुक्त मोर्चा की ताकत को मजबूत करते हुए 7 तारीख को होने जा रहे चुनाव में विजय श्री दिलाने का कार्य करें।

सम्मेलन में पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया ने कहा कि हम प्रत्येक मतदाताओं के बीच चुनाव तक परिश्रम और पराकाष्ठा के साथ पहुंचना है हम सब जिम्मेदार दायित्ववन कार्यकर्ता ठीक से अपने जिम्मेदारी का निर्भय करेंगे तो निश्चित ही हमें विजय श्री प्राप्ति होगी। पूर्व जिला अध्यक्ष लोकसभा चुनाव संचालक वीरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि हमारे पास निष्ठावान कार्यकर्ताओं का वट वृक्ष है हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है की अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए चुनाव अभियान में एकजुट होकर लग जाए। उन्होंने कहा की कार्यकर्ताओं का पद सबसे बड़ा होता है। यह चुनाव देश को समृद्ध विकसित एवं भारत को विश्व गुरु बनाने के पीछे आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री दिलाने में मिले। संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्रों पर मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया एवं आभार व्यक्त महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती आभा जैन द्वारा किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. रमेश दुबे, श्रीमती कृष्णाकांता तोमर, संजीव कांकर, मध्य प्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष को सिंह नरवरिया पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाहा एडवोकेट अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पिंकी सागर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशफाक खान मंच पर उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 अप्रैल को भिण्ड आएंगे

## भाजपा प्रत्याशी सांसद श्रीमती संध्या राय के नामांकन में होंगे शामिल



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय प्रवास पर 18 अप्रैल को जिला मुख्यालय भिण्ड आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भाजपा प्रत्याशी सांसद श्रीमती संध्या राय के साथ हेलीपैड से सीधे कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचेंगे, जहां उनका नामांकन पत्र में शामिल होंगे। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने दी।

# मेहंदी वाला घर की अभिनेत्री श्रुति आनंद कहती हैं, 'मौली फिलहाल प्यार और कर्तव्य के बीच एक चौराहे पर खड़ी है'

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के पारिवारिक ड्रामा, 'मेहंदी वाला घर' ने अग्रवाल परिवार में पारिवारिक रिश्तों की जटिलताओं को दर्शाते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया है। मौजूदा कहानी में, जानकी माँ (विभा छिब्बर) इस बात पर ज़ोर देती है कि मौली (श्रुति आनंद) को मानस (अयाज़ अहमद) को चीजें सुधारने के लिए एक और मौका देना चाहिए। इस प्रक्रिया में, मानस मौके का फायदा उठाने की कोशिश करता है और परिवार के सामने झूठे आरोप लगाकर मौली को बदनाम करता है। गलत को सही करने के इरादे से, जानकी माँ मौली को यह चेतावनी देती है कि अगर वह मानस को माफ करने के लिए राज़ी नहीं हुई, तो जानकी भी मनोज को माफ नहीं करेगी। चिंतित मौली परिवार की सुरक्षा के लिए मानस के असली इरादों का पता लगाने की कसम खाती है।



मौजूदा कहानी पर प्रकाश डालते हुए, अभिनेता श्रुति आनंद ने बताया, 'मौली फिलहाल प्यार और कर्तव्य के बीच एक चौराहे पर खड़ी है। अग्रवाल परिवार की संपत्ति हथियाने की मानस की योजना का पता चलने पर वह दुविधा में पड़ जाती है। हालाँकि, मनोज पापा के प्रति अपने प्यार और जानकी माँ से मेहंदी वाला घर को अन्य समस्याओं से बचाने के अपने वादे के कारण, वह इस परिवार को साथ रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है, भले ही इसके लिए उसे अपनी खुशियों का त्याग करना पड़े; मेरा मानना है कि आप इसे ही सच्चा प्यार कहते हैं। मैं दर्शकों को यह दिखाने के लिए उत्साहित हूँ कि क्या मौली मानस से शादी करेगी या वह पूरे परिवार के सामने मानस का सच सामने ला पाएगी।'

जब श्रुति आनंद से उनके सह-कलाकार अयाज़ अहमद के साथ उनकी ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'हमारे ऑन-स्क्रीन संघर्षों के बावजूद, हमारा ऑफ-स्क्रीन रिश्ता काफी मधुर और दोस्ताना है। हम सेट पर और सेट के बाहर दोनों जगह एक-दूसरे का समर्थन करने और प्रोत्साहित देने वाले दोस्त हैं। अयाज़ न केवल एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं, बल्कि बेहतरीन इंसान भी हैं। मैं उनसे कभी-भी सलाह और मार्गदर्शन माँग सकती हूँ, और वे ऐसे दोस्त बन गए हैं, जिन पर मैं पेशेवर और व्यक्तिगत, दोनों तरह से भरोसा कर सकती हूँ।'

देखिए मेहंदी वाला घर, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:30 बजे, केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर!

# सोनी सब के 'वंशज' की गीतांजलि मंगल बताती हैं, 'एक रोमांटिक सीक्वेंस के दौरान दौड़ते हुए मेरे टखने में बुरी तरह मोच आ गई'

सोनी सब का 'वंशज' गंभीर पारिवारिक विवादों से संबंधित शो है, जिसमें महाजन परिवार के भीतर विरासत की जंग को दिखाया गया है, जहां एक तरफ दिग्विजय उर्फ डीजे (माहिर पांधी) है और दूसरी तरफ युविका (अंजलि तत्रारी) है। शो में दिखाई गई प्रबलता शूटिंग खत्म होने पर भी खत्म नहीं होती है। स्क्रीन पर हम जो ग्लैमर देखते हैं, उसके अलावा भी अभिनेताओं को कई महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।



हाल ही में, अभिनेता माहिर पांधी को सेट पर हैमस्ट्रिंग फटने का सामना करना पड़ा था, और कुछ ही हफ्ते बाद, एक और कलाकार को चोट लग गई। हाल ही में, डीजे की बहन मिराया की भूमिका निभा रहीं, अभिनेत्री गीतांजलि मंगल के टखने में मोच आ गई, और बाद में पता चला कि उनके लिगामेंट फट गए हैं। मिराया और महाजन परिवार के सिक्योरिटी गार्ड निखिल (आर्यन अरोड़ा) के बीच एक रोमांटिक सीक्वेंस के दौरान, गीतांजलि गलती से घास पर फिसल गई और उनके दाहिने टखने में मोच आ गई। भले ही गीतांजलि ने शूटिंग जारी रखी, लेकिन बाद में पता चला कि मोच के कारण लिगामेंट फट गए हैं, जिससे उन्हें बड़ी परेशानी हुई। हालांकि, वंशज के कलाकारों और क्रू के समर्थन ने गीतांजलि के लिए शूटिंग जारी रखना संभव बना दिया।

वंशज में मिराया महाजन की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मंगल ने कहा, 'यह गज़ब का सीक्वेंस था जहां हम सभी होली का जश्न मना रहे थे और मिराया की उभरती प्रेम कहानी पर प्रकाश डाला जा रहा था। हालांकि, इस शॉट में निखिल की ओर दौड़ते हुए मेरे टखने में बुरी तरह मोच आ गई। मैंने शूटिंग जारी रखी लेकिन जब दर्द बर्दाश्त से बाहर हो गया, तो प्रोडक्शन हाउस और पूरी टीम तुरंत दौड़ी और मुझे डॉक्टर के पास ले गई, जहां पता चला कि मोच से लिगामेंट फट गए हैं और जोड़ों के आसपास के ऊतकों में सूजन आ गई थी। मैं अपनी टीम और साथी कलाकारों के सहयोग से ठीक हो रही हूं और चल-फिर रही हूं। निर्देशकों ने विनम्रता दिखाते हुए उन दृश्यों में सुधार किया जहां मुझे ज्यादा हिलना-डुलना नहीं पड़ता है या लंबे समय तक खड़ा नहीं रहना पड़ता है, क्योंकि एपिसोड का प्रसारण करीब है। मेरे सह-कलाकारों माहिर पांधी, कंचन दुबे, निशा नागपाल और परिणीता सेठ को किसी परिवार की तरह मेरे साथ देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।'

'वंशज' देखते रहें, हर सोमवार से शनिवार शाम 7 बजे और रात 10 बजे, केवल सोनी सब पर

# पुष्य नक्षत्र में मनेगी दुर्गाष्टमी, तीन शुभ संयोग में मनेगा रामनवमी का पर्व

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** बसंत नवरात्रि में अष्टमी और नवमी तिथि महत्वपूर्ण मानी जाती है। अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन, हवन और व्रत का पारण किया जाता है। कहा जाता है कि यदि कोई नवरात्रि के नौ दिन व्रत और पूजा नहीं कर पाए तो अष्टमी-नवमी इन दोनों दिनों में पूजा करके पूरे नवरात्रि का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता है।

ज्योतिषाचार्य पं. रामकुमार मिश्र ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष नवरात्रि के आठवें दिन महा अष्टमी मनाई जाती है और माँ महागौरी की पूजा होती है। इस बार चैत्र शुक्ल की अष्टमी तिथि 15 अप्रैल सोमवार को दोपहर 12:11 बजे से शुरू होगी और 16 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 01:23 बजे पर समाप्त होगी। ऐसे में चैत्र नवरात्रि में महाष्टमी 16 अप्रैल मंगलवार को मनाई जाएगी। इस दिन पूरे दिन-रात पुष्य नक्षत्र का संयोग रहेगा, जो माँ के भक्तों को विशेष



आशीर्वाद प्राप्त होगा। चैत्र शुक्ल की नवमी तिथि 16 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 01:23 बजे से शुरू होकर 17 अप्रैल बुधवार को दोपहर 03:14 बजे तक रहेगा। ऐसे में नवरात्रि की महानवमी और श्री रामनवमी 17 अप्रैल बुधवार को मनाई जाएगी। इस दिन देवी की नौवें स्वरूप माँ सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। इसी दिन नवरात्रि व्रत का पारण भी किया जाता है। चैत्र नवरात्रि की महानवमी पर रामनवमी यानी प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। ज्योतिषाचार्य श्री मिश्र ने कहा कि रामनवमी के दिन तीन विशेष दुर्लभ शुभ संयोग इस बार बन रहे हैं।

**पहला कर्क लग्न-** रामनवमी पर इस बार चन्द्रमा कर्क राशि में मौजूद रहेंगे। रामजी का जन्म भी कर्क लग्न में ही हुआ था।

**दूसरा सूर्य उच्च राशि में-** सूर्य उच्च मेष राशि में जन्म के समय सूर्य दशम भाव में विराजमान होकर अपनी उच्च राशि मेष में थे, इस बार राम नवमी पर सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में होकर दोपहर के समय दशम भाव में मौजूद रहेंगे, जो जन्म के समय थे।

**तीसरा गजकेसरी योग-** इस दिन गजकेसरी योग का भी प्रभाव रहेगा, जो श्रीराम की कुंडली में भी जन्म के समय था। इस योग में जन्म होने पर व्यक्ति गज के समाान शक्ति और राजा के समान होता है। इस बार रामनवमी पर इन संयोगों का एक साथ होना बेहद पुण्य फलदायी है। इसका लाभ रामनवमी के व्रत करने वाले हर रामभक्त को प्राप्त होगा।

## सरला डण्डौतिया को श्रीकृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास का महामंत्री बनाया गया



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती सरला डण्डौतिया को श्रीकृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास की राष्ट्रीय अध्यक्ष बबीता शर्मा ने राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया है। अपने मनोनयन पर श्रीमती डण्डौतिया ने वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया है। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

# मतदाता ले रहे हैं सेल्फी, 7 मई को मुरैना करेगा वोट

## नगर निगम द्वारा टाउन हॉल में लगाया गया है आकर्षित सेल्फी प्वॉइंट

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु नगर निगम आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान के निर्देश एवं मार्गदर्शन में नगर निगम के कार्यालय में आकर्षित सेल्फी प्वॉइंट लगाए गए हैं। सेल्फी पॉइंट पर शहर के मतदाता पहुंचकर अपना सेल्फी ले रहे हैं एवं सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाता शहर के मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित भी कर रहे हैं। आज टाउन हॉल में लगी सेल्फी पॉइंट पर काफी महिलाओं पुरुषों ने अपनी अपनी सेल्फी ली और संकल्प लिया की आने वाली 07 मई को वह आवश्यक मतदान करेंगे। सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेते समय शहर की मतदाता




मनीष प्रजापति ने बताया कि नगर निगम मुरैना द्वारा निगम कार्यालय एवं टाउन हॉल में आकर्षित सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं, जिससे शहर का मतदाता जागरूक होगा और आने वाली 07 मई को प्रत्येक मतदाता आवश्यक मतदान करेगा। स्वीप गतिविधि के नोडल अधिकारी रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुक्त के निर्देश अनुसार शहर में स्वीप गतिविधि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है एवं मतदाता मित्र प्रत्येक मतदाता तक पहुंचकर मतदाताओं को संकल्प दिलाया जा रहा है कि वह 07 मई को लोकसभा निर्वाचन में मतदान आवश्यक करें और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें।

# प्रत्येक मतदाता 7 मई को सारे काम छोड़कर पहले करें मतदानः रेहान अली जेदी

## मतदान की थीम पर बनाई रंगोली, मतदान की ली शपथ

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** सोमवार की सुबह नगर पालिका परिषद जौरा द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता थीम पर स्व सहायता समूह की महिलाओं एव शहर में नियुक्त किए गए मतदाता मित्रों द्वारा मतदाता जागरूकता थीम पर आकर्षित रंगोली बनाई तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी रेहान अली जेदी ने मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थान जिला स्वीप




नोडल अधिकारी इच्छित गढ़पाले एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रदीप सिंह तोमर के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों का आयोजन शहर में किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदीप तोमर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि आने वाली 07 मई को सभी मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करें एवं मतदाता मित्र शहर के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें। मतदान जागरूकता कार्यक्रम में स्वीप नोडल अधिकारी ऋषिकेश शर्मा, दिनेश शर्मा स्वच्छता निरीक्षक, विशंभर धाकड़, महेश चंद त्यागी, द्वारिका प्रसाद शाक्य कार्यालय अधीक्षक सामुदायिक संगठन संगीता शर्मा, स्नेहा सिंघल भी मौजूद रहीं।

# रामपुरकलां पुलिस ने पकड़ी 7 पेटी अवैध शराब, आरोपी हिरासत में

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जिले में अवैध शराब / मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों, विक्रय करने वालों एवं अवैध शराब का भण्डारण करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जाकर जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एव एसडीओपी बीपी तिवारी के मार्गदर्शन में उनि. पारथ सिंह परिहार थाना प्रभारी रामपुरकलां को रात्रि को भ्रमण के दौरान जरिये मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम नथुआपुरा मोड प्रतीक्षालय के पास थाना रामपुर जिला मुरैना से एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर बेचने के उद्देश्य से कहीं जा रहा है। उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी रामपुरकलां मय हमराह फोर्स के मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर जाकर जांच पड़ताल की गई तो वहां एक व्यक्ति पुलिस को आता



देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे हमराह फोर्स की मदद से भागने का प्रयास किया गया जिसे हमराह फोर्स की मदद से घेर कर पकड़ा एवं चैक किया गया तो आरोपी के कब्जे से 07 पेटी देशी प्लेन शराब जप्त की गई। उक्त शराब के संबंध में वैध लायसेंस चाहा गया जो न होना बताया गया। जिस पर से आरोपीगण का उक्त कृत्य धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दंडनीय होने से मौके पर से उक्त 07 पेटी अवैध शराब को विधिवत समक्ष पंचान जप्त किया एवं उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर थाना वापसी पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 39/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त कार्यवाही में उनि पारथ सिंह परिहार थाना प्रभारी रामपुरकलां मय हमराह फोर्स सउनि रामकुमार वर्मा, प्रधान आरक्षक हरिओम यादव, श्रीपतराय, संतोष बाथम, आरक्षक अनूप सिसोदिया, नरेन्द्र भदौरिया, मानवेन्द्र, आरक्षक चालक अनिल पावक का सराहनीय योगदान रहा।

# अजाक्स ने पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाई डॉ. अम्बेडकर की जयंती

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स मुरैना द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती को पखवाड़े के रूप में मनाया गया। जिसके अंतर्गत जिले भर में अजाक्स पदाधिकारीयों द्वारा चित्रकला, निबंध, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, रैली, संगोष्ठी आदि गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को बाबा साहब के विचारों से अवगत कराया तथा 14 अप्रैल 2024 को अजाक्स पदाधिकारियों द्वारा प्रातःकाल अजाक्स कार्यालय पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष रणवीर गोयल ने उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को बाबा साहेब द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आवाहन किया तथा उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जिससे हम समस्त प्रकार की बुराइयों एवं कुरीतियों को




मिटाकर समाज व देश को आगे ले जा सकते हैं। इसलिए हम सभी समाज बंधु अपने-अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं अच्छे संस्कार प्रदान कर उन्हें समाज व देश हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करें। तदुपरांत सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा शहर में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्कों में पहुंचकर उन्हें याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके अनुयायियों पर पुष्पों की वर्षा की गई। तथा सायंकाल निकलने वाले चल समारोह में जिलेभर से आने वाले लोगों के लिए विश्राम हेतु टेंट व्यवस्था की गई तथा उन्हें शीतल जल व मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी गतिविधियों में अजाक्स चंबल संभाग के अध्यक्ष दिनेश पचौरी एवं जिला अध्यक्ष रणवीर गोयल, उपाध्यक्ष महेश दौनेरिया, संदीप सेंगर महासचिव बनवारी लाल, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार सोलंकी, तहसील अध्यक्ष जौरा श्रीमती मीना गोयल, ब्लॉक अध्यक्ष मुरैना इंद्रेश कुमार दौनेरिया, एवं अजाक्स के सदस्य प्रीतम सिंह उमरिया, रामकिशन जाटव, पूरन सिंह सैमिल, वीर बहादुर सिंह, शैलेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम सोनी, श्रीमती उर्मिला सैमिल, श्रीमती सुनीता माहोर, श्रीमती ममता बित्तल, सीमा जाटव, पूनम जाटव, बृजेश पचौरी, डॉ. अजय सिंह पचौरिया आदि लोग मौजूद रहे।

# चम्बल डिवीजन ने नर्मदापुरम की क्रिकेट टीम को हराया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** अंडर-14 ट्रॉफी 2023-24 के ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में एमपीसीए के मुरैना ग्राउंड पर चंबल डिवीजन और नर्मदापुरम डिविजन के मध्य मैच खेला गया, जिसमें चंबल डिवीजन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और चम्बल के बल्लेबाजों ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए हुए पहली पारी मे 90 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 348 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक नाबाद 121 रन अक्षत शर्मा ने और 78 रन अनुराग शर्मा ने बनाये, जबकि नर्मदापूरम की तरफ से हर्षित गौर ने 4 विकेट लिए। आज दूसरे दिन नर्मदापुरम की पूरी टीम 46.4 ओवरों में 88 रनों पर आउट हो गई। चंबल की तरफ से अनुराग शर्मा ने चार और दिव्यांश पाराशर ने तीन विकेट झटके। पहली पारी में 260 रनों की बढ़त के चलते चंबल डिवीजन ने नर्मदा पुरम को फॉलोऑन दिया और दिन का खेल समाप्त होने तक नर्मदा पुरम की टीम दो विकेट के नुकसान पर सिर्फ 56 रन बना सकी। इस तरह यह मुकाबला चंबल डिवीजन ने पहली पारी के बढ़त के आधार पर जीत लिया। अच्छे प्रदर्शन करने के लिए अक्षत शर्मा और अनुराग शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मौके पर चंबल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव तस्लीम खान, जूनियर चयन समिति के चेयरमेन रवि कोहली, मैच का ऑब्जर्वर अनिल दीक्षित, मैच के अंपायर राजेश बलेचा और हर्षित जैन तथा मैच के स्कोरर सचिन राजोरिया, सौरव यादव, संजय कारखुर, सुनील राजोरिया, नफीस अफजल, सहजाद खान चम्बल डिवीजन अंडर-14 टीम के कोच अश्विनी तोमर और मैनेजर सचिन गुर्जर आदि मौजूद थे।




# बड़े भाई के फांसी लगाने की खबर सुनते ही छोटे भाई को दिल का दौरा पड़ा, हुई मौत

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** चैंटा-बरेथा गांव से खरीददारी करने के लिए मुरैना आए युवक को जब बड़े भाई द्वारा घर पर फांसी लगाने की खबर फोन पर मिली तो उसे हार्ट अटैक आ गया। तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



जानकारी के अनुसार सिहौनिया थाना क्षेत्र के ग्राम चैंटा निवासी सतेन्द्र सिंह परमार 40 पुत्र मुन्ना सिंह परमार ने सोमवार की दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस समय सतेन्द्र का चचेरा भाई आकाश परमार 24 पुत्र रामबरन सिंह परमार खरीददारी करने के लिए मुरैना बाजार आया हुआ था। सतेन्द्र द्वारा फांसी लगाए जाने की खबर परिजन ने मुरैना आए आकार परमार को मोबाइल फोन पर दी, उस समय आकाश एमएस रोड पर नगर निगम दफ्तर के सामने से गुजर रहा था, चचेरे भाई की मौत की खबर मिलते ही आकाश को सदमा लगा और उसे हार्ट अटैक आ गया। वहां मौजूद लोगों ने आकाश को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण करने के बाद आकाश को मृत घोषित कर दिया।

***डैड हाऊस पर एक साथ पहुंचीं दोनों भाईयों की लाश***

चैंटा गांव में सतेन्द्र के फांसी लगाने के बाद सिहौनिया पुलिस उसके शव को लेकर मुरैना को रवाना हो गई। पुलिस टीम डैड हाऊस पहुंचती इससे पहले ही डैड हाऊस पर उसके चचेरे भाई आकाश की लाश पहुंच गई थी। दोनों भाईयों के शवों का एक साथ पोस्टमार्टम हुआ। जिसके बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिए।

## सोमवार को कोई नामांकन फॉर्म नहीं भरा गया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र 01 के लिये सोमवार को एक भी नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ। जबकि राकेश पुत्र विद्याराम नागर, अनंत कुमार, इंजीनियर सूरज कुशवाह, रमेश चंद्र गर्ग और राजकुमारी ने नामांकन खरीदे हैं। यह जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दी गई है।

## कीटनाशक का सेवन करने से महिला की मौत

**मुरैना।** पोरसा थाना क्षेत्र में रहने वाले प्रदीप सिंह तोमर की पत्नी श्रीमती सुंदरी तोमर (22) ने विगत 17 मार्च को कीटनाशक का सेवन कर लिया था। सुंदरी को गंभीर हालत में जेएएच ग्वालियर में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## अवैध शराब पकड़ी

**मुरैना।** नूराबाद पुलिस ने रविवार को गिरधर गुर्जर पुत्र सरनाम गुर्जर नि. जरेरूआ को 43 क्वार्टर, बेताल जाटव पुत्र जगदीश जाटव नि. बजरंग का पुरा जरेरूआ को 23 क्वार्टर शराब के साथ पकड़ा। जौरा पुलिस ने मनीष शर्मा नि. ग्वालियर को 48 क्वार्टर, कैलारस में नरेश पुत्र छत्रपाल जाटव नि. कैलारस को 22 क्वार्टर, हसंराज पुत्र बृजराज सिकरवार नि. लुधाया को 20 क्वार्टर, दिमनी में धर्मेन्द्र भदौरिया पुत्र निर्भय सिंह नि. जखौना को 12 हजार 960 रूपये की 168 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी क्रम में नगरा पुलिस ने मुरारी सिंह नि. धर्मपुरा को 20 क्वार्टर, रामपुर में धर्मेन्द्र जाटव नि. सिमरोदा अहीर को 25 क्वार्टर, पोरसा में रंजीत तोमर नि. खजूर का पुरा को 19 क्वार्टर, रिठौरा में श्रीकृष्ण सोलंकी नि. ग्वालियर को 20 क्वार्टर, बागचीनी पुलिस ने राधे कुशवाह नि. खेरा बागचीनी को 50 क्वार्टर, चिन्नौनी में नेकराम जाटव नि. सिंगरोली को 19 क्वार्टर देशी शराब के साथ पकड़ा।

# विद्यार्थियों को 'विद्यावान' बनने के लिए हनुमान जी की शरण में जाना आवश्यक : उपाध्याय

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** विश्व शांति जन कल्याण की कामना हेतु भक्त जनों द्वारा नगर की समाधिया कॉलोनी में श्री महामृत्युंजय अनुष्ठान का आयोजन इन दिनों किया जा रहा है, जिसका समापन आज 15 अप्रैल को होगा। आयोजन में प्रतिष्ठाचार्य उपाध्याय जी महाराज ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए भगवान शंकर के ग्यारवें रुद्र अवतार श्री हनुमान जी महाराज की महिमा का वर्णन किया उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए हनुमान जी का स्मरण एवं उनका चालीसा पाठ इसलिए आवश्यक है, क्योंकि हनुमान चालीसा पाठ का पहला शब्द गुरु को ही समर्पित है 'श्री गुरु' अर्थात गुरु के बिना विद्यार्थी अधूरा है यह हनुमान चालीसा के माध्यम से बताया गया है। उन्होंने गुरु तत्व की समीक्षा के ऊपर भी संक्षेप में विद्यार्थियों को समझाया और बताया कि संत तुलसीदास जी ने हनुमान जी को 'विद्यावान' कहा, यानी शिक्षित कहा। जब विद्यार्थी उस प्रकार विद्यावान बनना चाहते हैं तो उन्हें भी हनुमान जी की शरण में जाना चाहिए। साथ ही सदा प्रसन्नचित मुद्रा में रहना चाहिए।



आयोजन में मौजूद लोगों को उन्होंने सुझाव दिया कि जीवन के अंदर यदि कोई निर्णय लेना है तो उस विषय का अध्ययन करो फिर उसका स्वाध्ययन करो, फिर उसकी समीक्षा करो, फिर उसका मंथन व चिंतन करो।उसके बाद ही कोई निर्णय लो इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि जीवन के अंदर आप माता, पिता और गुरु के कर्जदार हो, उनका कर्जा तभी उतरेगा जब आप उनके कहने के अनुसार अपना जीवन यापन करोगे। विशेषकर गुरु जो सारा जीवन अध्यापक ही रह जाता है। लेकिन उस के माध्यम से बड़े-बड़े अफसर, बड़े-बड़े नेता, बड़े-बड़े उद्योगपति, बड़े-बड़ सेनापति लोग बन जाते हैं कथा व्यास ने प्रेम भाव से रहना और अपने आपको संस्कारवान बनाने की विधि भी मौजूद लोगों को समझाई। इसके अतिरिक्त राष्ट्र के प्रति हमारा कर्तव्य, संविधान में समाविष्ट हमारे कर्तव्य और हमारे अधिकार उसका भी अध्ययन करना भी बहुत जरूरी बताया।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये कर्मचारियों ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी इच्छित गढ़पाले एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रदीप सिंह तोमर के आदेश अनुसार रेहान अली जेदी मुख्य नगर पालिका अधिकारी जौरा एवं ऋषिकेश शर्मा नोडल अधिकारी नगर पालिका परिषद जौरा, दिनेश शर्मा स्वच्छता निरीक्षक, विशंभर धाकड़, महेश चंद त्यागी, द्वारिका प्रसाद शाक्य कार्यालय अधीक्षक की उपस्थिति में नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप सखी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा रंगोली एवं शपथ समारोह आदि कार्यक्रम किए गए।

**कार्यालयः- अरविंद कुमार पाठक एडवोकेट मुरैना म.प्र.**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति के एकमात्र स्वामित्व व आधिपत्य का एक भवन स्थित पुराना वार्ड क्रमांक 5 व नवीन वार्ड क्रमांक 20 इस्लामपुरा तहसील व जिला मुरैना में स्थित है। जिसका सम्पूर्ण क्षेत्रफल 342 वर्गफीट है एवं एक और भवन जो इस्लामपुरा में स्थित है, जिसकी लम्बाई 20 फीट व चौड़ाई 17 फीट है जिसका सम्पूर्ण क्षेत्रफल 340 वर्गफीट है, जो मेरे पति मुन्ना खाँ के नाम पर नगर निगम मुरैना में दर्ज है उनकी मृत्यु उपरांत उक्त दोनों भवन नगर पालिक निगम मुरैना में विधिवत नामान्तरण होकर मेरे नाम पर अंकित है। इसके अलावा एक नगर पालिक निगम मुरैना का फड़ (चबूतरा) जो कि पड़ाव में स्थित है उस पर मेरे दोनों लड़के चूड़ी बेचने का कार्य करते हैं वह भी मेरे आधिपत्य का है। मेरे दोनों लड़के अकरम खान व अनीस खान पुत्रगण स्व. मुन्ना खाँ निवासी- इस्लामपुरा शराब पीने के बेहद आदी हैं और आये दिन घर में झगड़ा आदि करते रहते हैं और मुझे धमकी देते हैं कि वह मेरे एकमात्र स्वामित्व व आधिपत्य के भवनों एवं फड़ (चबूतरा) को विक्रय करेंगे। ऐसी स्थिति में मैं पूर्ण होश-हवास में अपने दोनों पुत्रों को अपनी जायदाद से बेदखल करती हूँ और उनसे भविष्य में किसी भी प्रकार का संबंध व सरोकार नहीं रखना चाहती हूँ। वह मेरी किसी भी प्रकार से सेवा आदि नहीं करते हैं। मैं अपने पुत्रों से पूर्ण रूप से संबंध विच्छेद कर आमजनों को सूचित करती हूँ कि कोई भी व्यक्ति मेरे दोनों पुत्रों से किसी भी प्रकार का कोई समव्यवहार आदि न करें। यदि कोई भी व्यक्ति समव्यवहार करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

दिनांक- 15.04.2024

द्वारा अभिभाषकः-
अरविन्द कुमार पाठक
एड.
मुरैना म.प्र.

प्रार्थिया
शारदा बेगम पत्नी स्व. मुन्ना खाँ
आयु-63 वर्ष, जाति मुसलमान
निवासी- भन्ता वाली गली,
इस्लामपुरा

# पूर्व सीएम चौहान ने कहा-मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरू बनेगा भारत

## -पूर्व मुख्यमंत्री ने सीधी लोकसभा के महुआगांव में भाजपा उम्मीदवार डॉ. राजेश मिश्रा के समर्थन में रोड-शो कर जनसभा को संबोधित किया

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को सीधी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजेश मिश्रा के समर्थन में रोड-शो कर जनसभा को संबोधित किया। वहीं राजगढ़ लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रोडमल नागर के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। साथ ही चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के साथ नागर का नामांकन दाखिल करने भी पहुंचे। इस दौरान पूर्व सीएम ने कांग्रेस पार्टी और राजगढ़ के कांग्रेस के उम्मीदवार दिग्विजय सिंह पर जमकर हमला बोला। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, यहां के कांग्रेस उम्मीदवार के माथे पर मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बनाने का कलंक है। उन्होंने 10 साल मुख्यमंत्री रहते हुए विकास की एक ईट तक नहीं लगाई तो सांसद बनकर क्या करेंगे। साथ ही पूर्व सीएम ने कहा कि, दिग्विजय सिंह हार की भूमिका बना रहे हैं, अभी से ईवीएम पर दोष मढ़ने की तैयारी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, कांग्रेस अब समाप्ति की ओर हैं। रायबरेली से इंदिरा जी चुनाव लड़ती थी, लेकिन अब कांग्रेस की सर्वोच्च नेत्री मैडम सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ने से ही इनकार कर दिया है। उन्होंने राज्यसभा में बैकडोर से एंट्री ली है। दुर्गति ये है कि, रायबरेली से कांग्रेस के पास कोई उम्मीदवार ही नहीं है। राहुल बाबा ने भी अमेठी से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है वो अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए हैं, राहुल गांधी रणछोड़दास बन गए हैं। कांग्रेस पार्टी की ये हालत उनके गलत फैसलों की वजह से है। कांग्रेस में अब कुछ नहीं बच गया है। इसलिए उनके विचारवान नेता कांग्रेस छोड़कर देश



के विकास के लिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, 500 साल का संकल्प पूरा हो रहा था। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर राममंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजमान हुए। बहनें दीपक जला रही थी, हर घर पर भगवा पताका लहरा रही थी। पूरा देश आनंद के उत्सव में डूबा हुआ था। प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण कांग्रेस को भी दिया गया था। उन्होंने ऑन रिकॉर्ड, लिखित में कहा कि, हम नहीं जाएंगे। अब जब तक सूरज चांद रहेंगे तब तक लिखा रहेगा कि, कांग्रेस ने राममंदिर का विरोध किया था। पूर्व मुख्ययमंत्री ने कहा कि, मैं बेटियों की पूजा करता हूं तो यहां के उम्मीदवार कहते थे कि, मैं पाखंड करता हूं, लेकिन तुम क्या जानों बहन-बेटियों की शक्ती। जब मैं बेटियों के पैर धोकर पानी माथे से लगाता हूं तो मेरे काम करने की उर्जा कई गुना बढ़ जाती है। मेरे लिए स्त्रियां देवी का रूप हैं और बेटियां साक्षात देवी हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं राजनीति में नहीं था तब भी बेटियों की शादी करवाता था, लेकिन भाजपा के माध्यम से राजनीति की और मुख्यमंत्री बना तो लाखों बेटियों की शादी करवाई।

जो व्यक्ति 10 साल मुख्यमंत्री रहा, उसने किसानों के खेतों में एक बूंद पानी नहीं दिया, बिजली नहीं दी, सड़कें नहीं बनवाई। उस समय सड़कों की ये हालत थी कि, पता ही नहीं चलता था, सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। सब कुछ रहते हुए जिन्होंने कुछ नहीं किया वो सांसद बनकर क्या करेंगे।

### मोदी जी नंबर वन नेता

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, सौ साल पहले स्वामी विवेकानंद जी ने कहा कि, सुदीर्घ रजनी समाप्त जान पड़ती है, महानिशा का अंत निकट है, जो अंधे हैं वो देख नहीं सकते हैं, जो बहरे हैं वो सुन नहीं सकते, लेकिन मैं स्पष्ट रूप से देख रहा हूं कि, भारत माता अंगड़ाई लेकर फिर खड़ी हो रही है और विश्व गुरू के पद पर आसीन हो रही है। एक नरेन्द्र वो थे और एक नरेन्द्र हमारे मोदी जी हैं जो इस सपने को साकार कर रहे हैं। मोदी जी अद्भुत काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में ही भारत विश्व गुरू बनेगा। देश के नंबर वन नेता मोदी जी हैं और देश की नंबर वन पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। इसलिए मध्यप्रदेश से 29 की 29 सीटों पर जीत हासिल कर 29 कमल के फूलों की माला मोदी जी के गले में डालना है और मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

# मोदी की गारंटी है भाजपा का संकल्प पत्र: नरोत्तम मिश्रा

**ग्वालियर।** पूर्व मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि भाजपा का जारी संकल्प पत्र मोदी की गारंटी ही है। देश की जनता अब भाजपा के संकल्प पत्र को एक गारंटी के रूप में ही देख रही है।

पूर्व मंत्री डा नरोत्तम मिश्रा सोमवार को भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी को लेकर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। डा नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि गारंटी शब्द अब मोदी का पूरक हो गया है। संकल्प पत्र में मोदी का चेहरा नजर आता है। उन्होंने कहा मोदी की गारंटी नाम विश्वसनीयता का नाम है। मोदी की गारंटी का तुलनात्मक रूप से देखें तो मोदी जी की बात हर हाल में पूरी होती है। डा मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में रोम नजर आ रहा है, जबकि भाजपा के घोषणा पत्र में राम नजर आता है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल बहुमत के लिये नहीं नाम के लिए लड़ रहा है। विपक्ष 273 सीटों के लिए भी नहीं लड पा रहे हैं। वह जो गारंटी लेकर आ रहे हैं उसकी विश्वसनीयता




भी नहीं है। भाजपा के संकल्प पत्र में धारा 370 सहित 35 ए, सीएए, ट्रिपल तलाक, राम मंदिर, चार करोड़ लोगों को आवास तथा तीन करोड को आगे आने वाले दिनों में आवास देने, शौचालय, नल जल योजना, उज्जवला गैस योजना की बात जो कही उसे पूरा किया है। वहीं कांग्रेस गरीबी हटाने के नारे लगाती रही है, लेकिन कांग्रेस ने गरीब ही हटा दिये हैं। जबकि भाजपा ने 25 करोड लोगों को बीपीएल की सूची से बाहर निकाला है।

उन्होंने कहा कि आज देश पांचवी विश्व की ताकत था, इसे अब तीसरी ताकत बनाने की ओर बढ रहे हैं। पहले काश्मीर में तिरंगा नहीं फहरा पाते थे अब काश्मीर ही नहीं चांद तक पर तिरंगा फहरा रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में यूसीसी की गारंटी की बात की है, जबकि कांग्रेस घोषणा पत्र शरीयत की तरफले जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम शांति और समृद्धि लाने वाले है, जबकि कांग्रेस मुस्लिम लीग की झलक अपने घोषणा पत्र में दिखा रही है। इंडी गठबंधन में जल थल नभ में भ्रष्टाचार हुआ था। डा नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में 70 वर्ष के व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड से जोडऩे की घोषणा की है, जिससे उसका बुढ़ापे में उपचार संभव हो सकेगा। कांग्रेस द्वारा भाजपा के संकल्प पत्र को माफी पत्र का नाम देने के पूछे प्रश्न के उत्तर में डा मिश्रा ने कहा कि जबसे प्रदेश में जीतू पटवारी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बने हैं उसके बाद से कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। पत्रकार वार्ता में उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे, जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा, मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, सांसद विवेक शेजवलकर, जिला महामंत्री विनय जैन भी उपस्थित थे।

# स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है






**ग्वालियर ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। नगर निगम ग्वालियर के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्र अधिकारियों के निर्देशन में निरंतर चल रहीं स्वीप की गतिविधियों के माध्यम से आमजन को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसमें वार्ड 31 कांतीनगर अचलेश्वर विहार कालोनी में मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की गई और घर-घर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सडक पर रंगोली भी बनाई गई। रैली में स्थानीय निवासियों ने शिरकत की व मतदान करने का संकल्प लिया। रैली में जिला निर्वाचन की एमसीएमसी कमेटी के सदस्य विनय अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी नगर निगम रविन्द्र प्रताप सिंह गुर्जर तथा स्थानीय निवासी अनिल शिवहरे, जिला स्काउट गाइड उपाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, मोहन सिंह वर्मा, जितेन्द्र सिंह भदौरिया, मनीष शर्मा, पुरुषोत्तम दुबे, दीपक रजक, भारत वर्मा, अनिल जाटव, अजय मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। क्रमांक 285, 286 कांचमील हजीरा में महिला मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई एवं महिलाओं ने मेंहदी लगाकर मतदान करने के लिए आमजन को जागरूक किया सडक पर रंगोली बनाकर मतदान का संदेश दिया। साथ ही क्षेत्र क्रमांक 6 अचलेश्वर विहार में मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली एवं अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। साथ ही मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए घर-घर संवाद किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अधिकारी रविंद्र प्रताप सिंह गुर्जर के साथ समस्त क्षेत्र क्रमांक 6 का जोनल स्टाफ उपस्थित रहा। वहीं जोन क्रमांक 24 वार्ड क्रमांक 65 में स्वीप कार्यक्रम के तहत शांति विहार कॉलोनी में मतदान करने के लिए मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए घर-घर जाकर पीले चावल देकर निमंत्रण दिया गया।

# कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन ने गरीब बच्चों में स्टेशनरी बांटी

**ग्वालियर ।** कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय, काशीपुर में विद्यार्थियों को स्टेशनरी का वितरण किया। वहीं नवरात्रि के अवसर पर बालिकाओं का कन्या पूजन कर उन्हें छोटे-छोटे उपहार भी भेंट किए गए। इस अवसर पर जगदीश उपाध्याय (कल्ली पंडित), आनंद विभाग जिला समन्वयक हेमंत त्रिवेदी, संस्था अध्यक्ष हेमलता राव, कंचन राव, कांता शर्मा, ऋषि जैन, अलका पवार, सुनीता तोमर सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद



# व्यापारी प्रकोष्ठ ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में किया सघन जनसंपर्क



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** व्यापारी प्रकोष्ठ महानगर ग्वालियर ने लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की विजय हेतु भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में जनसंपर्क किया। प्रातः 11 बजे दाल बाजार से जनसंपर्क प्रारम्भ हुआ, जिसमें संयोजक अमर माखीजा, सुनील अग्रवाल सनी, सुमित निगम, पारस बरैया, आशुतोष अवस्थी आदि सदस्यों ने दाल बाजार के व्यवसाइयों से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह को विजयी बनाकर अबकी बार 400 पार मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

# प्रथम चरण के 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 99 प्रतिशत से अधिक मतदाता पर्ची वितरित

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि जिन 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है, वहाँ 99 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित की जा चुकी हैं। मतदाता पर्ची में क्यूआर कोड भी है।

प्रथम चरण में 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सीधी, शहडोल (अजजा), जबलपुर, मण्डला (अजजा), बालाघाट और छिन्दवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान होगा। यहाँ पर कुल मतदाता एक करोड़ 13 लाख 9 हजार 638 है। इनमें से एक करोड़ 12 लाख 18 हजार 550 मतदाताओं को क्यू आर कोड युक्त मतदाता पर्ची वितरित की जा चुकी है। दूसरे चरण में जिन 7 संसदीय क्षेत्रों में मतदान होना है, वहाँ पर भी मतदाता पर्ची का वितरण शुरू हो चुका है।

प्रदेश के सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची के माध्यम से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, क्रमांक, राज्य औरजिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे।

# मुरैना व श्योपुर क्षेत्र आज भी विकास की राह देख रहे हैं: रमेश चन्द्र गर्ग



**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** यदि मुरैना-श्योपुर क्षेत्र के मतदाताओं ने मुझे अपना आशीर्वाद प्रदान किया तो मैं अंचल के समग्र विकास के लिए कार्य करूंगा। अभी तक विकास के मामले में मुरैना व श्योपुर काफी पिछड़े हुए हैं। यहां पर कांग्रेस व भाजपा के सांसदों द्वारा कोई विशेष विकास कार्य नहीं किए गए हैं। लेकिन इस कमी को मैं पूर्ण करने का प्रयास करूंगा।

## मुरैना-श्योपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी श्री गर्ग पत्रकारों से रूबरू हुए

यह बात, मुरैना-श्योपुर सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रमेश गर्ग ने अग्रवाल सेवासदन में आयोजित एक पत्रकारवार्ता के दौरान कही। इस अवसर पर उनके साथ बसपा प्रदेशाध्यक्ष रमाकांत पिप्पल, पूर्व विधायक बलवीर सिंह डण्डौतिया, मुरैना सीट से विस चुनाव में बसपा प्रत्याशी रहे राकेश रुस्तम सिंह, बसपा जिलाध्यक्ष दीपेन्द्र बौद्ध, जिला प्रभारी डॉ. विद्याराम कौशल, जितेन्द्र बौद्ध, सोनेराम कुशवाह मौजूद थे। प्रेसवार्ता में बसपा प्रत्याशी रमेश गर्ग ने कहा कि 2003 से वे सक्रिय राजनीति में सहभागिता कर रहे है। बीते 20 सालों में उन्होंने राजनीति में सभी दलों का सहयोग किया है। 2014 में उन्होंने पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की, जिसके बाद उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी कांग्रेस के टिकट की उम्मीद बांधी। लेकिन दोनों में से किसी भी दल ने उन्हें जनसेवा करने का मौका नहीं दिया। श्री गर्ग ने कहा कि अगर जनता ने उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना तो वे मुरैना-श्योपुर क्षेत्र में शिक्षा का स्तर सुधारने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करेंगे। इस अवसर पर अपने चिर-परिचित अंदाज में पूर्व विधायक बलवीर डण्डौतिया ने कहा कि वे ब्राह्मण समाज के 50 फीसदी वोट बसपा को दिलाने का भरसक प्रयास करेंगे। बसपा प्रदेशाध्यक्ष रमाकांत पिप्पल ने कहा कि बसपा के मजबूत प्रत्याशी के आने से मुरैना सीट पर मुकाबला एक तरफा हो गया है, बसपा प्रत्याशी अन्य प्रत्याशियों की अपेक्षाकृत मजबूत और स्वच्छ छवि वाला है, उम्मीद है कि इस चुनाव में बसपा की जीत होगी। राकेश-रुस्तम सिंह ने कहा कि मेरे द्वारा बसपा प्रत्याशी श्री गर्ग का पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

# श्री अमरनाथ यात्रा सेवा समिति ग्वालियर के कार्यालय का शुभारंभ हुआ

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** सोमवार को कपिल महाराज महलगांव और डॉ. मीना मुंदड़ा द्वारा श्री अमरनाथ सेवा समिति के कार्यालय का विधि विधान से शुभारम्भ किया गया। समिति के अध्यक्ष होतम सिंह गुर्जर सचिव राजेश सिकरवार ने बताया कि अमरनाथ जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए कार्यालय में रजिस्ट्रेशन की सुविधा और यात्रा संबंध सभी प्रकार की जानकारी कार्यालय में दी जाएगी। यात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त तक चलेगी।

उल्लेखनीय है कि अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना आवश्यक है, जो ऑनलाइन भी करवा सकते है और लोगों की सुविधा के लिए यह कार्यालय खोला गया है, जिसमें कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जायेगा और नया बाजार कर मुख्यमार्ग पर होने के कारण यह श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक भी है, जहाँ हाल की हाल कम्प्यूटर के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किये जा रहें है। समिति के उपाध्यक्ष दीपक तिवारी, कोषाध्यक्ष दिवाकर गुप्ता, बबलू शिवहरे ने बताया कि आज शुभारम्भ के बाद लगभग 50 रजिस्ट्रेशन भी हुए। पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार बालटाल मार्ग पर विशाल भंडारा समिति द्वारा लगाया जायेगा। यात्रियों को भोजन और यात्रा से जुड़ी सभी प्रकार की सुविधा दी जा सके। यह समिति का मुख्य उदेश्य है, जिससे लोग बिना परेशानी के अमरनाथ धाम की यात्राएं कर सकें। समिति सदस्यों ने संकल्प लिया है कि वे इसमें जन-जन के लिए जानकारी और उनकी सहायता के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे।




# सीईओ जिला पंचायत ने प्रशिक्षण के दौरान ईव्हीएम के बारे में दी समझाइश

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना के लिये कर्मचारियों का प्रशिक्षण चल रहा है। सोमवार के दिन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ इच्छित गढ़पाले ने पॉलिटेक्निक पहुंचकर कर्मचारियों को प्रशिक्षण में आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव में प्रशिक्षण की कड़ी महत्वपूर्ण है। सभी कर्मचारियों को पूरी तरह से ईव्हीएम खोलना एवं ईव्हीएम को जोड़ना आना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पॉलिटेक्निक में पीठासीन के अलावा पी 1, पी 2 और पी 3 को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी अधिकारी कर्मचारी प्रशिक्षण को गंभीरता से ग्रहण करें। प्रशिक्षण में कहीं भी गलती हो रही है तो बार-बार पूछें। छोटी सी गलती के कारण चुनाव पर प्रश्न चिन्ह लगते हैं। इसलिये प्रशिक्षण प्राप्त करने में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिये।



स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरुकृपा प्रकाशन प्रेस ,टी.आई.टी कॉम्पलेक्स मुरैना से मुद्रित एवं हिन्दुस्तान एक्सप्रेस परिसर नवीन नगर निगम मुख्यालय के सामने सिटी सेंटर ग्वालियर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। R.N.I. No. MP HIN/2007/ 18763
सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, स्थानीय संपादक संजय त्रिपाठी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर न्यायालय होगा। फोन: 0751-2234001 मो. 94251-26060, 9425360435